हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बिलासपुर, शुक्रवार 4 सितंबर 2026 haribhoomi.com

जन्मोत्सव...वृंदावन में श्रद्धालुओं का सैलाब

मथुरा और वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि और लीलाभूमि होने के कारण जन्माष्टमी का पर्व बेहद खास माना जाता है। गुरुवार को वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

आज कृष्ण जन्माष्टमी, 15 वर्ष पश्चात जयंती योग सहित 7 विशेष संयोग, निशीथ काल पूजन के लिए मिलेंगे मात्र 46 मिनट

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस साल श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 4 सितंबर को मनाई जाएगी। हिंदू पंचांग के मुताबिक इस साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि 3 सितंबर मध्यरात्रि पश्चात 4 सितंबर को रात 2:25 बजे से शुरू हो चुकी है। यह 5 सितंबर की रात 12:13 बजे तक रहेगी। धार्मिक परंपराओं में जन्माष्टमी की तिथि तय करते समय केवल अष्टमी तिथि को ही आधार नहीं माना जाता, बल्कि मध्यरात्रि के समय और रोहिणी नक्षत्र की स्थिति का भी विशेष ध्यान रखा जाता है। इन्हीं गणनाओं के आधार पर इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 4 सितंबर को मनाया जाएगा। अर्थात शुक्रवार को मध्यरात्रि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव होगा। पूरे 15 साल बाद ऐसा विशेष योग बन रहा है, जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव ठीक उसी संयोग में मनेगा, जैसा द्वापर युग में उनके जन्म के समय बना था। श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार, कान्हा का प्राकट्य भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि, बुधवार, रोहिणी ▶▶|शेष पेज 8 पर

गुरुवार मध्यरात्रि पश्चात 2.25 मिनट से प्रारंभ हो चुकी है अष्टमी तिथि

निशीथ काल रात्रि 11:58 बजे से 12:44 बजे तक

जन्माष्टमी की मुख्य पूजा मध्यरात्रि के निशीथ काल में करने की परंपरा है। पंचांग गणना के अनुसार इस दिन अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र का विशेष संयोग बन रहा है। जिस समय श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था, उस समय रोहिणी नक्षत्र विद्यमान था, इसलिए इसे विशेष माना जाता है। माना जाता है। जन्माष्टमी की पूजा के लिए निशीथ काल सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। निशीथ पूजा का समय लगभग रात 11:58 बजे से 12:44 बजे तक रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के विशेष संयोग में भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करना शुभ व फलदायी है। परंपराओं में इस तरह के संयोग में व्रत और पूजा को पापों के क्षय तथा मनोकामना पूर्ति से जोड़ा गया है।

शुरुआत हर्षण योग से

4 सितंबर को दिन की शुरुआत हर्षण योग में होगी, जो दोपहर 3 बजकर 44 मिनट तक रहेगा। हिंदू धर्म में आस्था का महापर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी इस बार बेहद खास और दुर्लभ संयोग लेकर आ रहा है। धार्मिक मान्यताओं में शुभ योगों के दौरान पूजा-पाठ और भगवान का स्मरण करना विशेष फलदायी माना जाता है। राजधानी के इस्कॉन मंदिर, खाटू श्याम मंदिर व राधा-कृष्ण मंदिर में उत्सव व भजन संध्या की शुरुआत शुक्रवार प्रातः काल से हो जाएगी। इसके लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%)	₹115898/-
22 कैरेट रेट (91.60%)	₹141550/-
24 कैरेट रेट (99.99%)	₹154516/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels Pandri, Raipur
*Conditions apply

खबर संक्षेप

वैन को टक्कर मारी तीन मजदूरों की मौत

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत में एक वाहन ने मजदूरों को ले जा रही वैन को टक्कर मार दी, जिससे उत्तर प्रदेश के तीन मजदूरों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। हादसा खरखौदा क्षेत्र में कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर हुआ। उत्तर प्रदेश के मजदूरों को लेकर यह वैन जब झज्जर के बेरी की ओर जा रही थी, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

इस बारिश छग की 214 सड़कें ध्वस्त 10 हजार किमी नेटवर्क को पहुंची क्षति

हरिभूमि खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल भारी मानसूनी बारिश ने सड़कों, पुलों और पुलियों के निर्माण और रखरखाव के सिस्टम को बड़ा झटका दिया है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से सामने आई प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक राज्य की 214 से अधिक प्रमुख सड़कों को बारिश ने उधेड़ दिया है। इन सड़कों से जुड़े करीब 10 हजार किलोमीटर का सड़क नेटवर्क क्षतिग्रस्त हुआ है। कई स्थानों पर सड़कें बह गईं ▶▶|शेष पेज 8 पर

सूरजपुर में 10 करोड़ का पुल बहा

सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड में धोंधा नदी पर बना करीब 10 करोड़ रुपये की लागत वाला पुल तेज बारिश और नदी के उफान में बह गया। पुल के क्षतिग्रस्त होने से आसपास के दर्जनों गांवों का संपर्क प्रभावित हुआ।

राजनांदगांव ओवरब्रिज में 60-70 फीट की दरार

राजनांदगांव के आलीवारा-मुसरा क्षेत्र में बना रेलवे ओवरब्रिज भी बारिश के बाद धंसने से चर्चा में है। करीब 22 से 50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार बताए जा रहे इस ओवरब्रिज के आसपास सड़क पर 60 से 70 फीट तक लंबी दरारें आने की जानकारी सामने आई है। दुर्ग के सेमरिया गांव की करीब तीन किलोमीटर सड़क पर बड़ी संख्या में गड्ढे होने की शिकायत सामने आई है।

6 पुल-पुलिए भी बह गए

फोटोः एआई

कई इलाकों में सड़क चलने लायक नहीं बची, प्रारंभिक सर्वे में आंकड़े चिंताजनक

बस्तर से सरगुजा तक सड़कों की हालत खराब

बारिश का असर केवल बड़े प्रोजेक्टों तक सीमित नहीं रहा। रायपुर, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद, बिलासपुर, रायगढ़, सूरजपुर, अंबिकापुर, कांकेर, बस्तर, सुकमा, बीजापुर, कवर्धा और बेमेतरा समेत कई जिलों में सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। बस्तर और सुकमा के अंदरूनी इलाकों में जलभराव और तेज बहाव के कारण कई जगह डामर उखड़ गया है। कांकेर में भी अंदरूनी सड़कों पर बड़े गड्ढों के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है।

एरियर के लिए डिमांड

10 हजार की रिश्वत लेते धरे गए प्राचार्य और बाबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला किरारी की प्राचार्य और बाबू को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि उन्होंने एरियर की राशि निकालने के एवज में रिश्वत मांगी थी। इस संबंध में एंटी करप्शन ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय किरारी में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 प्रार्थी मनीष राठौर अपनी परिवीक्षा अवधि समाप्त होने के बाद वर्ष 2025 में उनका नियमित हुआ था। इस दौरान वर्ष 2022 से जून 2026 तक का वेतन वृद्धि एरियर लगभग 80 हजार रुपये बनना था, जिसके लिए ▶▶|शेष पेज 8 पर

जैसे ही रकम ली और धरे गए

प्रार्थी ने जब रकम प्राचार्य को देनी चाही तो उन्होंने रकम स्कूल के बाबू विकास मसीह को देने के लिए कहा। जैसे ही मनीष ने विकास मसीह को रिश्वत की रकम दी। पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और मौके से रिश्वत की रकम बरामद कर ली। एसीबी द्वारा दोनों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7, 12 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

तीन माह पूर्व तेलीबांधा पुलिस ने बैटिंग एप चलाने वाले आयुष-नमन रैकेट का किया था भंडाफोड़

सट्टा सिंडिकेट के फरार आरोपी का बर्थ डे सेलिब्रेट करने का वीडियो वायरल, पुलिसिया दावों पर प्रश्नचिन्ह

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

तीन माह पूर्व महादेव सट्टा एप की तर्ज पर ऑनलाइन क्रिकेट बैटिंग एप संचालित करने वाले आयुष-नमन रैकेट के जिन 12 आरोपियों को पुलिस ने फरार बताया है, उनमें से एक आरोपी का बर्थ डे सेलिब्रेट करने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

मई में पुलिस ने रैकेट का खुलासा करते हुए 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। फरार आरोपियों के तार गोवा और बेंगलुरु तक जुड़े बताए गए हैं। वायरल वीडियो में सिंडिकेट से जुड़े सागर आडवानी को बर्थडे पार्टी में शामिल देखा जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, सागर इस मामले में फरार आरोपियों में शामिल है और उसकी तलाश की जा रही है। मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिस आरोपी को पुलिस तीन महीने से तलाश रही है, वह सार्वजनिक रूप से पार्टी करता नजर आ रहा है। वीडियो सामने आने के बाद तेलीबांधा पुलिस

ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई तेज करने की बात कही है। पुलिस का दावा है कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे युवक समेत सिंडिकेट से जुड़े सभी फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार, सट्टे के मास्टर माइंड नमन जग्गी को 5 मई को तेलीबांधा स्थित आईपीएल क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टा संचालित करते गिरफ्तार किया गया था। मोबाइल की जांच में ऑनलाइन बैटिंग साइट से जुड़ी कई आईडी और सट्टे के संचालन से संबंधित जानकारी पुलिस को मिली थी। जांच आगे बढ़ने पर राजेंद्र नगर निवासी आयुष जैन और गोलबाजार निवासी मो. सरफराज ममदानी समेत अन्य आरोपियों की भूमिका सामने आई। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक मामले में मोहसिन खान, गोलू, बीबी एनजीपी, सागर आडवानी, गोलू अलमास, चंदन, अंकित, सौरभ जैन, बाबू गावली, जयेश भैया, अमित और राज गुप्ता फरार हैं। इनकी तलाश के लिए पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

सट्टा संचालित करने वालों की भूमिका

- जांच में नमन जग्गी को मास्टर आईडी के जरिए आईडी बेचकर सट्टा खिलाने का मुख्य आरोपी बताया गया है। पुलिस के अनुसार, मोहसिन खान, सौरभ जैन, आयुष जैन, सागर आडवानी, चंदन, गोलू अलमास, अंकित, जयेश और अमित की भूमिका नमन को मास्टर आईडी उपलब्ध कराने से जुड़ी बताई गई है।

- वहीं सरफराज उर्फ सैफ और गोलू पर नमन से आईडी खरीदकर सट्टा खिलाने का आरोप है। बाबू गावली पर ऑनलाइन सट्टे से संबंधित आईडी और पासवर्ड के माध्यम से प्वाइंट बढ़ाने के लिए हैकर की मदद लेने की भूमिका बताई गई थी। राज गुप्ता पर सिंडिकेट की मास्टर आईडी संचालित करने की भूमिका सामने आने की बात पुलिस ने कही थी।

गोवा-बेंगलुरु तक सिंडिकेट का नेटवर्क

पुलिस की जांच में इस नेटवर्क के तार रायपुर से बाहर भी जुड़े होने की जानकारी सामने आने की बात कही गई है। सिंडिकेट के कनेक्शन गोवा और बेंगलुरु तक बताए गए हैं। ऐसे में वायरल वीडियो सामने आने के बाद फरार आरोपियों की गतिविधियों और उनके संपर्कों की जांच भी अहम मानी जा रही है।

महिला आयोग सलाह और सिफारिश कर सकता है, अधिकार तय नहीं : हाईकोर्ट

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि राज्य महिला आयोग की भूमिका सलाहकारी और सिफारिशी है। आयोग पक्षकारों के अधिकार और दायित्व तय करने वाले बाध्यकारी आदेश जारी नहीं कर सकता। कोर्ट ने महिला आयोग के 19 जून 2025, 6 जुलाई 2026 और 8 जुलाई 2026 के आदेशों को अधिकार क्षेत्र से बाहर मानते हुए निरस्त कर दिया। साथ ही गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल) की रिट याचिका स्वीकार कर ली। जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद ने गेल की याचिका पर सुनवाई की। गेल ने बताया कि पेट्रोलियम एवं मिनरल्स पाइपलाइंस (भूमि में उपयोग के अधिकार का अधिग्रहण) अधिनियम, 1962 के तहत संबंधित जमीन पर गैस पाइपलाइन बिछाने की वैधानिक प्रक्रिया पूरी की गई थी और सक्षम प्राधिकारी मुआवजा भी निर्धारित कर चुका था। इसके बावजूद महिला आयोग ने मुआवजा बढ़ाने, संबंधित

मुआवजा बढ़ाने, एफआईआर और पाइपलाइन रोकने के आदेश निरस्त

महिला को क्षतिपूर्ति देने, अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने और पाइपलाइन का काम रोकने के निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के भवानी प्रसाद जेना बनाम उड़ीसा राज्य महिला आयोग के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आयोग महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए संबंधित अधिकारियों से उपचारात्मक कार्रवाई की सिफारिश कर सकता है, लेकिन विवाद का न्यायिक निर्णय नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा कि दस्तावेज मंगाने और साक्ष्य लेने की शक्ति मिलने से आयोग को बाध्यकारी आदेश पारित करने का अधिकार नहीं मिल जाता। इस मामले में आयोग ने अपनी वैधानिक शक्तियों की सीमा पार की।

गंगरेल के 3 गेट खोले, महानदी छलकी, आसपास बसे गांवों को किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

लगातार बारिश के चलते जलाशयों का जलस्तर बढ़ने के बाद छत्तीसगढ़ के बांध 91 प्रतिशत से ज्यादा लबालब, कई जलाशयों से पानी छोड़ा जा रहा है। बांगो, गंगरेल समेत आधा दर्जन बड़े बांधों में स्पिलवे से पानी की निकासी की जा रही है। 12 प्रमुख जलाशयों में 92.44 प्रतिशत और 34 मध्यम जलाशयों में 83.97 प्रतिशत पानी है। गंगरेल बांध महानदी के आसपास बसे गांवों को अलर्ट किया गया है। गंगरेल बांध करीब 97 प्रतिशत भर चुका है, जिसके चलते इसके तीन गेट खोलकर कुल 4670 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है।

जल संसाधन विभाग के सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की सुबह गंगरेल बांध 97.40 प्रतिशत, मुरुमसिल्ली 98.61 प्रतिशत, दुधावा 86.86 प्रतिशत और सोंढूर जलाशय 69.25 प्रतिशत

भर चुका था। लगातार हो रही पानी की आवक को देखते हुए जलाशयों और नदी-नालों के जलस्तर पर प्रशासन की निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने इसके बाद से नदी के आसपास के गांवों में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। जलाशय में बढ़ते जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए गंगरेल के 3 गेट खोले गए हैं। इसमें 1410 क्यूसेक पानी रुद्री बैराज के माध्यम से महानदी मुख्य नहर में भेजा जा रहा है, जबकि 3360 क्यूसेक पानी सीधे महानदी में प्रवाहित किया जा रहा है। सिंचाई विभाग का मानना है कि बारिश और जलाशयों में पानी की आवक इसी तरह बनी रही तो आने वाले समय में महानदी का जलस्तर और बढ़ सकता है। महानदी में पानी छोड़े जाने के बाद नदी किनारे बसे गांवों को सतर्क किया गया है। ग्रामीणों से नदी और नालों के किनारे जाने से बचने के साथ ही जलभराव वाले इलाकों में अनावश्यक आवाजाही नहीं करने की अपील की गई है। निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने और जरूरत पड़ने पर प्रशासन द्वारा चिन्हित सुरक्षित एवं ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी गई है। मैदानी अमले और स्थानीय अधिकारियों को भी लगातार स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बांधों में लगातार पानी की आवक को देखते हुए प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों को जलाशयों और नदी के जलस्तर की नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिए हैं।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसूता माताओं को पौधे भेंट

रायपुर। जिला प्रशासन के प्रोजेक्ट ग्रीन पालना अभियान के तहत शासकीय अस्पतालों में प्रसव उपरांत प्रसूता माताओं को फलदार पौधे भेंट स्वरूप दिए जा रहे हैं, ताकि एक नई जिंदगी के आगमन के साथ एक नया वृक्ष भी धरती पर जन्म ले। इसके लिए सोमवार को 18 प्रसूताओं को 90 पौधे भेंट किए गए। योजना में अब तक कुल 8871 माताओं को 12886 पौधे भेंट किए जा चुके हैं। यह प्रयास मातृत्व के साथ प्रकृति से जुड़ाव को भी बढ़ावा देता है। प्रोजेक्ट ग्रीन पालना न सिर्फ नवजात के जीवन की शुरुआत को यादगार बनाता है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए हरियाली और शुद्ध वातावरण की नींव भी रखता है।

झीरमघाटी घटना में नया जांच आयोग सुनवाई दो सप्ताह के लिए बढ़ी

बिलासपुर। झीरमघाटी घटना में नया जांच आयोग बनाने के खिलाफ लगी धरमलाल कौशिक की जनहित याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह के लिए बढ़ गई है। भूपेश बघेल सरकार के द्वारा बनाए गए इस जांच आयोग के खिलाफ तब के भाजपा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने जनहित याचिका लगाकर रोक लगाने की मांग की थी। श्री कौशिक का कहना था कि इस पर जांच आयोग पहले जांच कर चुका है तथा और जांच की जरूरत नहीं है।

राज्य सरकार और झीरम घटना में प्रभावित व्यक्तियों के परिवारों की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने हस्तक्षेप याचिका लगाकर धरम लाल कौशिक की याचिका का विरोध किया था। जांच आयोग अधिनियम के तहत राज्य या केंद्र सरकार को आयोग बनाने का अधिकार है और किसी आयोग की रिपोर्ट से अगर वह संतुष्ट नहीं हो तो नया आयोग बना सकता है। प्राथमिक सुनवाई के बाद धरमलाल कौशिक के पक्ष में मामले में स्टे हो गया था इसके कारण नया जांच आयोग कार्य शुरू नहीं कर पाया था। गुरुवार को प्रकरण सुनवाई के प्राथमिक सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की खंडपीठ के समक्ष लगा था परंतु चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के रिटायरमेंट का दिन को देखते हुए खंडपीठ ने प्रकरण की सुनवाई को दो सप्ताह के लिए बढ़ा दिया।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

शिक्षक दिवस काउंटडाउन-4 सितंबर

गुरवः सर्वश्रेष्ठा भवन्ति ज्ञानदायिनः।
तेषां वन्दनमेकाग्रं कुर्यात्भक्त्या सदा नरः॥

आरती ने थमाई माताओं को वर्णमाला की छतरी स्कूल आने से पहले ही बच्चे सीख रहे ककहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

पुसौर ब्लॉक के सेमरा गांव की माताओं के हाथों में थमी छतरी सिर्फ धूप और बारिश से बचाने का साधन नहीं है, बल्कि यह बच्चों की पहली पाठशाला भी बन गई है। छतरियों पर हिंदी वर्णमाला, गिनती और अंग्रेजी के अक्षर अंकित हैं। खेतों में काम करने के दौरान जब माताएं इन छतरियों को ▶▶|शेष पेज 8 पर

माताओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ा

शिक्षिका आरती साहू समय-समय पर स्कूल की माताओं का उन्मुखीकरण करती हैं। इसका उद्देश्य माताओं के माध्यम से बच्चों तक शिक्षा का संदेश पहुंचाना है। उनका मानना है कि यदि मां शिक्षा के प्रति जागरूक होगी तो उसका सकारात्मक प्रभाव बच्चे पर भी पड़ेगा। स्कूल ▶▶|शेष पेज 8 पर

28 साल से बस्तर के घनघोर इलाके में 'देवदूत'

आदिवासी घरों में बच्चों तक खुद पहुंचते हैं, उनकी फीस, कापी-किताब का खर्च भी उठा रहे बुधराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के दूरस्थ अंचल दरभा ब्लॉक के छिंदबहार में पदस्थ व्याख्याता बुधराम कश्यप स्कूल के बच्चों के लिए शिक्षक से कहीं बढ़कर हैं। पिछले 28 साल से वे लगातार इस इलाके में पढ़ा रहे हैं। उन्होंने शिक्षक की भूमिका को महज कक्षा तक सीमित नहीं रखा। वे स्कूल से दूर हो चुके बच्चों के घर पहुंचते हैं, ▶▶|शेष पेज 8 पर

घर-घर पहुंचे, स्कूल से दूर बच्चों को फिर जोड़ा

बुधराम कश्यप का कहना है कि किसी बच्चे के स्कूल नहीं आने के पीछे केवल उसकी लापरवाही नहीं होती। कई बार आर्थिक परेशानी, पारिवारिक परिस्थितियां और पढ़ाई के प्रति रुचि की कमी भी इसका कारण होती है। इसलिए शिक्षक को बच्चे की समस्या समझकर समाधान की दिशा में काम करना चाहिए।

शिक्षा के साथ छात्रों को खेल मंच पर भी दिलाई पहचान

आदिवासी इलाके में दिया लगातार शत-प्रतिशत परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

शिक्षा केवल पढ़ाई पूरी करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानकर उसे मंजिल तक ले जाने की जिम्मेदारी भी है। इसी सोच के साथ 28 सालों से कबीरधाम जिले के आदिवासी क्षेत्रों में काम कर रहे हैं चंद्रिका प्रसाद चंद्रवंशी। वे फिलहाल बोड़ला विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर कला के व्याख्याता एवं प्रभारी प्राचार्य हैं। उनका चयन राज्यपाल शिक्षक सम्मान के लिए हुआ है तो इसकी वजह आधी आदिवासी आबादी वाले दूरस्थ इलाके में ▶▶|शेष पेज 8 पर

अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर छात्रा ने जीता रजत पदक

चन्द्रिका प्रसाद चंद्रवंशी के मार्गदर्शन की खास उपलब्धि यह भी है कि उनके विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में राज्य ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 2022 में बांग्लादेश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय टार्गेट बॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की एक छात्रा ने रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा विभिन्न वर्षों में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अनेक विद्यार्थियों ने पुरस्कार प्राप्त किए और कई विद्यार्थियों का राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन हुआ।

खबर संक्षेप

सिविल इंजीनियरिंग की हिंदी में पढ़ाई शुरू

इंदौर। मध्यप्रदेश में सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई को हिंदी माध्यम में उपलब्ध कराने की पहल इंदौर के श्री जीएस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एसजीएसआईटीएस) में की गई है। इस पाठ्यक्रम के विशेष बैच के लिए 30 सीट निर्धारित की गई हैं और इसमें करीब 20 विद्यार्थियों का दाखिला हो चुका है।

80 करोड़ की ब्राउन शुगर जब्त, आरोपी गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के जिरीबाम जिले में एक व्यक्ति के कब्जे से लगभग 80 करोड़ रुपए मूल्य की 10.891 किलोग्राम ब्राउन शुगर बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर असम राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और जिरीबाम पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को जेटी रोड इलाके की माखा बस्ती में तलाश अभियान चलाया। इस दौरान व्यक्ति के पास से 10.891 किलोग्राम ब्राउन शुगर बरामद की गई।

राजमार्ग पर लॉरी से टकराई बस, दो की मौत

पेराम्बलूर। चेन्नई-तिरुचिरापल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक निजी बस ने आगे चल रही लॉरी को टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। दुर्घटना एक फ्लाईओवर के पास बिजली बोर्ड (ईबी) कार्यालय के नजदीक हुई। निजी बस चेन्नई से मदुरै जा रही थी, जबकि लॉरी तिंडिवनम से पुडुकोट्टई की ओर जा रही थी। इसी दौरान बस ने लॉरी को पीछे से टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान तिरुपत्तूर जिले के सिंगमपुनरी निवासी पोन पालदुरई (52) और तिरुवल्लूर जिले के मनाली निवासी तिरुनावुक्करासु (32) के रूप में हुई है। हादसे में बस चालक और एक महिला यात्री समेत छह लोग घायल हुए हैं।

घुसपैठ की कोशिश कर रहे 22 को रोका

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बलों ने भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश कर रहे 22 लोगों को रोक दिया। उन्होंने इन लोगों की पहचान या उन्हें किस स्थान पर रोका गया, इसका विवरण साझा नहीं किया। असम दी गली विचः नो एंट्री। अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सतर्क सुरक्षा बलों ने 22 लोगों की पहचान की। जो भारत में अवैध रूप से घुसने की कोशिश कर रहे थे और उन्हें सीमा रेखा पर ही रोक दिया। घुसपैठ की ऐसी हर कोशिश का यही अंजाम होगा। असम के श्रीभूमि, कछार, धुबरी और दक्षिण सलमारा-मनकाचर जिलों की बांग्लादेश के साथ कुल 267.5 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा लगती है। पूर्वोत्तर में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तीन एकीकृत जांच चौकियां (आईसीपी) हैं।

चुनाव लड़ा, पर खर्च का हिसाब नहीं दे पाए उम्मीदवार, भारत निर्वाचन आयोग ने चार को किया बाहर, पहले 36 हो चुके हैं निर्रहित

चुनावी खर्च का हिसाब नहीं देने वाले राज्यों में छग चौथा, अब 40 नेता तीन साल के लिए मैदान से बाहर

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मैदान में उतरकर चुनाव जीतने और विधायक बनने की तमन्ना रखने वाले चार और नेता चुनावी खर्च का हिसाब देने में असफल रहे। ऐसे उम्मीदवारों को भारत निर्वाचन आयोग ने निर्रहित कर चुनाव मैदान से तीन साल के लिए बाहर करने का आदेश दिया है। इससे पहले इसी साल मार्च तक 36 अभ्यर्थी बाहर किए जा चुके हैं। एक खास और दिलचस्प बात ये है कि देशभर में कुल 529 उम्मीदवारों को इस मामले में अयोग्य घोषित किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ चौथा प्रमुख राज्य बन गया है।

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने ताजा मामलों में राज्य में विधानसभा चुनाव लड़ने वाले चार अभ्यर्थियों को तीन साल के लिए चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। इनमें 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सरायपाली क्षेत्र के अजीत डोलचंद चौहान, क्षेत्र क्रमांक 42 से महासमुंद से अशोक कश्यप, चंचल वाणी और बृजलाल ठाकुर के नाम शामिल हैं। आयोग ने इनके मामलों में पाया है कि ये सभी निर्वाचन लेखा न दाखिल करने या सही रीति से लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं। इसलिए इन्हें 3 साल के लिए चुनाव लड़ने से निर्रहित किया गया है।

अयोग्य घोषित होने के मामलों में छत्तीसगढ़ देश में चौथा राज्य

30 दिनों के भीतर देना है हिसाब

राज्य के चार नेताओं को चुनाव मैदान से बाहर करने के भारत निर्वाचन आयोग के फैसले से पहले इसी साल मार्च तक प्रदेशभर से कुल मिलाकर 36 नेता चुनाव मैदान से तीन साल के लिए बाहर हो चुके ळाक। छत्तीसगढ़ में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह कार्रवाई लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत की जाती है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्येक उम्मीदवार के लिए परिणाम घोषित होने के 30 दिनों के भीतर अपने निर्वाचन व्यय (चुनाव खर्च) का सही और पूरा लेखा-जोखा जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करना कानूनी रूप से अनिवार्य होता है। यदि कोई उम्मीदवार निर्धारित समयसीमा के भीतर अपना व्यय लेखा दाखिल करने में असफल रहता है या इसका कोई उचित कारण या औचित्य पेश नहीं कर पाता तो निर्वाचन आयोग अधिनियम की धारा 10ए के तहत उसे आगामी तीन वर्ष के लिए निर्रहित (अयोग्य) घोषित कर देता है।

विधानसभा-लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकते

निरर्हता संबंधी आदेश जारी होने की तिथि से 3 वर्ष के लिए उम्मीदवार चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हो जाता है। यह नियम लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनावों के उम्मीदवारों पर समान रूप से लागू होता है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित होने वाले स्थानीय निकाय (पंचायत और नगरपालिका) चुनावों पर यह अयोग्यता स्वतः प्रभावी नहीं होती है। भारत निर्वाचन आयोग के पास कानून के तहत इस तरह की अयोग्यता की अवधि को कम करने या इसे पूरी तरह से हटाने का भी विशेष अधिकार होता है।

छत्तीसगढ़ देश में चौथा राज्य

चुनाव खर्च का हिसाब न देकर चुनाव मैदान से तीन साल के लिए बाहर होने के मामले में भी छत्तीसगढ़ देश का चौथा राज्य बना है, जहां इस तरह के सबसे अधिक मामले आए हैं। छत्तीसगढ़ में ऐसे 40 लोगों पर कार्रवाई हुई है। आयोग के रिकार्ड के मुताबिक देशभर में कुल 529 उम्मीदवारों को इस मामले में अयोग्य घोषित किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ चौथा प्रमुख राज्य है।

मारपीट के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे

मंत्री के काफिले की गाड़ी पर गिरा टोल का बूम बैरियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लखनपुर

अंबिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-130 स्थित लहपटरा टोल प्लाजा में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के काफिले की एक गाड़ी पर टोल का बूम बैरियर गिरने के बाद विवाद हो गया। गाड़ी से उतरे एक व्यक्ति ने टोल कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले में शिकायत के बाद दोनों पक्ष लखनपुर थाने पहुंचे हैं। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रात करीब 12 बजे महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का काफिला लहपटरा टोल प्लाजा से गुजर रहा था। काफिले की पहली गाड़ी फास्टैग के कारण बैरियर पार कर गई। इसके बाद दूसरी गाड़ी तेज गति से निकली, इसी दौरान बैरियर नीचे आने लगा और गाड़ी के संपर्क में आ गया। इसके बाद काफिले ▶▶|शेष पेज 8 पर

- टोल कर्मचारी से मारपीट का वीडियो वायरल, कर्मचारी ने दी शिकायत

दोनों पक्ष थाने में, जांच करेंगे

घटना की शिकायत थाने में दी गई है और दोनों पक्ष थाने में मौजूद हैं। जांच के बाद पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट होगी।

राजेश अग्रवाल, एसएसपी सरगुजा

बिना आवेदन एक ही ओटीपी के जरिए 23 लाख का लोन हो गया पास

हाईकोर्ट ने बैंकिंग लोकपाल को 30 दिन के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट के जस्टिस ए के प्रसाद की सिंगल बेंच ने एक शिक्षिका के बगैर आवेदन के, 23.07 लाख रुपए के पर्सनल लोन स्वीकृत और वितरित किए जाने के मामले में बैंकिंग लोकपाल को 30 दिन के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने बैंकिंग लोकपाल के निर्णय तक संबंधित बैंकों को शिक्षिका के खिलाफ ▶▶|शेष पेज 8 पर

बैंकिंग लोकपाल के समक्ष भी शिकायतें

याचिका में कहा गया कि आवश्यक प्रक्रिया का पालन किए बिना केवल ओटीपी के आधार पर ऋण स्वीकृत और वितरित किए गए। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि धोखाधड़ी का पता चलने के बाद पुलिस में शिकायत की गई। मामले में थाना कोतवाली रायपुर और थाना कांकेर में 8 अप्रैल 2025 को अपराध दर्ज हुआ। रायपुर के प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) और 3(5) तथा कांकेर मामले में आईपीसी की धारा 420, 34 और 120-बी के तहत अपराध दर्ज किए जाने का उल्लेख याचिका में किया गया। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि बैंकिंग लोकपाल के समक्ष शिकायतें प्रस्तुत की जा चुकी हैं, लेकिन उन पर अभी निर्णय नहीं हुआ है।

बैंक कार्रवाई के कारण आर्थिक परेशानी हो रही

याचिकाकर्ता ने खुद को कम वेतन पाने वाली कर्मचारी बताते हुए कथित ऋण और बैंक कार्रवाई के कारण आर्थिक परेशानी होने की बात कही। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता शिक्षिका सुधा कौशल को 15 दिन के भीतर बैंकिंग लोकपाल, आरबीआई क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके बाद संबंधित बैंकिंग लोकपाल को शिकायत प्राप्त होने की तिथि से 30 दिन के भीतर मामले पर कानून के अनुसार ▶▶|शेष पेज 8 पर

बिगड़ी पायलट की तबीयत, मस्कट में आपात लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दोहा से बेंगलुरु जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट के एक पायलट की तबीयत हवा में अचानक खराब हो गई, जिसके बाद प्लेन को तुरंत मस्कट की ओर मोड़ दिया गया। दरअसल पायलट-इन-कमांड ने अस्वस्थ होने की सूचना दी थी। उनको तुरंत मेडिकल हेल्प की जरूरत थी। घटना गुरुवार की है। फ्लाइट 6ई 1302 को सुरक्षित रूप से मस्कट की ओर मोड़ा गया। फ्लाइट लैंडिंग के बाद मेडिकल टीम ने तुरंत पायलट का चेकअप किया। इसके बाद पायलट को अस्पताल ले जाया गया। उनकी तबीयत अब ठीक है।

शीर्ष न्यायालय ने पूछा- कैमरे से क्यों नहीं हो रही निगरानी

हाईवे किनारे गाड़ी रोकना पड़ेगा भारी, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- टोल प्लाजा पर लगाएं कैमरे

राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसे रोकने के लिए एनएचआई को सख्त आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजमार्गों पर अतिक्रमण और गाड़ियां खड़ी करने के मुद्दे पर चिंता जताई और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से पूछा कि वे इससे निपटने के लिए टोल प्लाजा पर कैमरा निगरानी प्रणाली और निगरानी कक्ष क्यों नहीं स्थापित कर सकते। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ राजस्थान के फलोदी इलाके में हुई एक दुर्घटना से जुड़े स्वतः संज्ञान वाले मामले पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई थी। पीठ ने ▶▶|शेष पेज 8 पर

अवैध पार्किंग को बताया हादसों की बड़ी वजह

अदालत की ओर से वरिष्ठ वकील एएनएस नाडकर्णी, जो एमिकस क्यूरी की भूमिका में हैं, ने हाईवे पर अवैध पार्किंग को बड़ी समस्या बताया। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे या हाईवे पर गलत तरीके से खड़ी गाड़ियां सड़क हादसों का कारण बनती हैं। खासकर तेज रफ्तार वाले हाईवे पर ऐसी गाड़ियां दूसरे वाहनों के लिए बड़ा खतरा पैदा कर सकती हैं।

क्या है मामलाः सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल नवंबर में राजस्थान के फलोदी में हुए एक सड़क हादसे का खुद से संज्ञान लिया था। यह दुर्घटना दो नवंबर को हुई थी, जिसमें एक टेम्पो ट्रैवलर सड़क पर खड़े ट्रेलर ट्रक से टकरा गई थी। हादसा भारत माला हाईवे पर मटोडा गांव के पास हुआ था। टेम्पो ट्रैवलर बीकानेर के कोलायत मंदिर से जोधपुर जा रही थी। इस दुर्घटना में 15 लोगों की जान चली गई थी।

छात्रों का आचरण नियंत्रित करने बीसीआई को अधिकार नहीं

इधर, एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय विधिज्ञ परिषद (बीसीआई) और राज्य विधिज्ञ परिषदों के पास कानून के छात्रों का आचरण नियंत्रित करने की वैधानिक शक्ति नहीं है। कोर्ट ने साथ ही कहा कि छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करना संबंधित शिक्षण संस्थान का अधिकार है और वह अपने नियमों के अनुसार इस संबंध में फैसला ले सकता है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने यह आदेश हैदराबाद स्थित नालसार विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ बीसीआई की कार्रवाई से जुड़े विवाद की सुनवाई करते हुए दिया। छात्रों ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में प्रधान ▶▶|शेष पेज 8 पर

चिंतन

हाइवे पर नियमों की सख्ती से अनुपालन बेहद जरूरी

देश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसे परेशानी का सबब बनते जा रहे हैं। लापरवाही लोगों की जान लील रही है। ऐसा नहीं है कि देश में सुरक्षा के लिए नियमों की कमी है। गति सीमा तय है, हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य हैं, भारी वाहनों के लिए पार्किंग के स्थान निर्धारित हैं और हाइवे के किनारे अतिक्रमण रोकने के स्पष्ट प्रावधान हैं। इस सबके बावजूद हादसे कम नहीं हो रहे हैं। साफ है कि समस्या नियमों की नहीं, नियमों के पालन और उन्हें लागू कराने की इच्छाशक्ति की है। कागज पर सख्त नियम सड़क पर बेअसर हो जाएं तो वे हादसे रोकने के बजाय महज औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। हाइवे पर सबसे बड़ा खतरा तेज रफ्तार और आगे निकलने की होड़ से पैदा होता है। निर्धारित गति सीमा को ताक पर रखकर वाहन दौड़ाना, अचानक लेन बदलना, गलत तरीके से ओवरटेक करना और मामूली अंतर पर कट मारना रोजमर्रा के दृश्य बन गए हैं। चालक को लगता है कि कुछ मिनट बचाने के लिए नियम तोड़ना कोई बड़ी बात नहीं, लेकिन यही कुछ मिनट कई बार जिंदगी भर का पछतावा दे जाते हैं। तेज रफ्तार में हुई एक छोटी-सी चूक का परिणाम केवल चालक नहीं, सड़क पर चल रहे दूसरे निर्दोष लोगों को भी भुगतना पड़ता है। हाइवे की दूसरी बड़ी विडंबना यह है कि जिस सड़क पर वाहनों को सुरक्षित गति से चलना चाहिए, उसी के किनारे अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण खतरे खड़े कर दिए जाते हैं। सड़क किनारे खड़े ट्रक और दूसरे भारी वाहन, अनधिकृत ढाबे-दुकानें और सड़क की सीमा में बने अवैध ढांचे यातायात की जगह और दृश्यता दोनों छीन लेते हैं। रात में बिना पर्याप्त रोशनी के खड़ा भारी वाहन किसी चालक के लिए अचानक सामने आई मौत की दीवार बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने टोल प्लाजा पर कैमरे लगाकर हाइवे की निगरानी और अलग निगरानी कक्ष बनाने का सवाल उठाकर एक अहम कमी की ओर ध्यान दिलाया है। कैमरे लगाना समाधान का केवल पहला चरण है। असली जरूरत ऐसी व्यवस्था की है जिसमें कैमरे लगातार देखे जाएं, नियम तोड़ने वाले वाहनों की पहचान हो और सूचना मिलते ही कार्रवाई हो। निगरानी ऐसी होनी चाहिए कि नियम तोड़ने वाला बच न सके और लापरवाही करने वाले अधिकारी की भी जवाबदेही तय हो। हेलमेट और सीट बेल्ट को लेकर भी यही स्थिति है। ये पुलिस से बचने या चालान से छुटकारा पाने के साधन नहीं, जिंदगी बचाने वाले सुरक्षा कवच हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग इनकी अनदेखी करते हैं। प्रशासन को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि सड़क की डिजाइन, संकेतक, रोशनी, कट, पार्किंग और आपातकालीन सेवाएं सुरक्षित मानकों के अनुरूप हों। ब्लैकस्पॉट की पहचान और सूची बनाना जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी है कि उन स्थानों को वास्तव में सुरक्षित बनाया जाए। किसी जगह को हादसों वाला क्षेत्र घोषित करके जिम्मेदारी खत्म नहीं हो सकती। वहां कारण खोजने और स्थायी सुधार करने होंगे। इसी तरह हाइवे के किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एक बार करके छोड़ देने के बजाय लगातार निगरानी रखनी होगी, वरना कुछ ही समय में वही स्थिति फिर लौट आएगी। इसलिए अब जरूरत निर्देशों की लंबी सूची बनाने से ज्यादा उनके कठोर और निष्पक्ष अनुपालन की है। गति सीमा का उल्लंघन हो या गलत ओवरटेकिंग, अवैध पार्किंग हो या अतिक्रमण, हेलमेट-सीट बेल्ट की अनदेखी हो या निगरानी तंत्र की कमजोरी हर स्तर पर जवाबदेही तय करनी होगी। नियमों का डर और सुरक्षा की समझ, दोनों साथ चलेंगे तभी हाइवे सचमुच सुरक्षित होंगे।

आस्था
महेन्द्र तिवारी

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और करोड़ों लोगों की अटूट आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका है। सदियों के संघर्ष, न्यायिक प्रक्रिया और भव्य निर्माण के बाद अब यह मंदिर एक ऐसे चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न उसके स्थायी, पारदर्शी और जनोन्मुखी संचालन का है। मंदिर का निर्माण इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय था, लेकिन उसका सफल प्रबंधन भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी संदर्भ में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जितेंद्र मिश्र को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

राम मंदिर न्यास में नए नेतृत्व से उम्मीदें

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और करोड़ों लोगों की अटूट आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका है। सदियों के संघर्ष, न्यायिक प्रक्रिया और भव्य निर्माण के बाद अब यह मंदिर एक ऐसे चरण में प्रवेश कर चुका है, जहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न उसके स्थायी, पारदर्शी और जनोन्मुखी संचालन का है। मंदिर का निर्माण इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय था, लेकिन उसका सफल प्रबंधन भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी संदर्भ में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जितेंद्र मिश्र को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक नियुक्ति नहीं, बल्कि उस नई सोच का परिचायक है, जिसमें आस्था के साथ सुशासन, परंपरा के साथ आधुनिक व्यवस्था और संस्कृति के साथ जवाबदेही को समान महत्व दिया जा रहा है। बिहार के सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर देश के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक न्यास की सर्वोच्च प्रशासनिक जिम्मेदारी तक पहुंचना इसी विश्वास को मजबूत करता है। बिहार और अयोध्या का संबंध भारतीय संस्कृति में अत्यंत गहरा और पवित्र रहा है। मिथिला माता सीता की जन्मभूमि है और अवध भगवान राम की जन्मभूमि। यही कारण है कि रामायण की परंपरा में मिथिला और अयोध्या सदैव एक दूसरे के पूरक रहे हैं। आज जब राम मंदिर के सर्वोच्च प्रशासनिक पद पर बिहार से जुड़े व्यक्ति की नियुक्ति होती है तो अनेक लोगों को उसमें उसी सांस्कृतिक एकात्मता की आधुनिक अभिव्यक्ति दिखाई देती है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का स्वरूप आज विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों में शामिल हो चुका है। प्रतिदिन हजारों और विशेष अवसरों पर लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इतनी विशाल संख्या में आने वाले लोगों की सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था, स्वच्छता, चिकित्सा सहायता, यातायात समन्वय और मूलभूत सुविधाओं का संचालन अत्यंत जटिल कार्य है। इसके साथ ही मंदिर को प्राप्त होने वाली दानराशि का पारदर्शी उपयोग, निर्माणाधीन परियोजनाओं का संचालन और भविष्य की विकास योजनाओं का क्रियान्वयन भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। इसलिए नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह धार्मिक भावनाओं को सर्वोच्च सम्मान देते हुए एक ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था विकसित करे जो विश्वस्तरीय मानकों पर खरी उतर सके। आधुनिक समय में किसी भी बड़े धार्मिक संस्थान की सफलता केवल उसकी भव्यता से नहीं, बल्कि उसकी व्यवस्थाओं से मापी जाती है। श्रद्धालु आज सुविधा, पारदर्शिता और सम्मान तीनों की अपेक्षा रखते हैं। दर्शन के लिए लंबी प्रतीक्षा, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, विश्राम स्थल, वृद्ध और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा जैसे विषय अब मंदिर प्रशासन के केंद्र में हैं। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग अनिवार्य हो गया है। डिजिटल व्यवस्था, पारदर्शी सूचना प्रणाली और सुव्यवस्थित सेवा प्रबंधन मंदिर को भविष्य के अनुरूप बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे। इस नियुक्ति का एक सामाजिक संदेश भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय

तक यह धारणा बनी रही कि बड़े संस्थानों का नेतृत्व केवल विशेष वर्गों या प्रभावशाली पृष्ठभूमि के लोगों तक सीमित रहता है। अयोध्या का विकास आज केवल धार्मिक पर्यटन तक सीमित नहीं है। इसे वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने की व्यापक योजना पर कार्य हो रहा है। नए परिवहन मार्ग, विस्तृत सड़कें, आधुनिक रेलवे सुविधाएं, हवाई संपर्क और नगर सौंदर्यीकरण के साथ अब पर्यावरण संरक्षण भी उतना ही आवश्यक विषय बन गया है। सरयू नदी की स्वच्छता, हरित क्षेत्र का विस्तार, कचरा प्रबंधन और टिकाऊ विकास की योजनाएं अयोध्या के भविष्य को निर्धारित करेंगी। मंदिर प्रशासन को स्थानीय प्रशासन और विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर ऐसा विकास मॉडल तैयार करना होगा, जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधा और प्रकृति दोनों का संतुलन बना रहे। स्थानीय अर्थव्यवस्था भी राम मंदिर से गहराई से जुड़ी हुई है। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन से छोटे व्यापारियों, हस्तशिल्प कलाकारों, फूल विक्रेताओं, प्रसाद निर्माताओं, परिवहन सेवाओं और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। यदि इन अवसरों को योजनाबद्ध ढंग से विकसित किया जाए तो अयोध्या केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर स्थानीय अर्थव्यवस्था का भी उदाहरण बन सकती है। नए नेतृत्व से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में भी गंभीर पहल करेगा। न्यास की भूमिका केवल मंदिर परिसर तक सीमित नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्न सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण और धार्मिक अध्ययन जैसे अनेक क्षेत्रों में भी इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। भविष्य में बड़े अस्पताल, शोध संस्थान, पुस्तकालय और भारतीय संस्कृति के अध्ययन केंद्र जैसी योजनाएं समाज को व्यापक लाभ पहुंचा सकती हैं। इन परियोजनाओं के लिए वित्तीय अनुशासन, दीर्घकालिक योजना और कठोर जवाबदेही आवश्यक होगी। दान देने वाले करोड़ों श्रद्धालु यह विश्वास रखना चाहते हैं कि उनकी आस्था समाज कल्याण में सार्थक रूप से परिवर्तित हो रही है। पारदर्शिता आज किसी भी सार्वजनिक संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। मंदिर प्रशासन को ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी, जिसमें प्रत्येक आर्थिक निर्णय स्पष्ट हो, प्रत्येक परियोजना की प्रगति सार्वजनिक हो और प्रत्येक दानदाता को विश्वास हो कि उसका योगदान उचित दिशा में उपयोग हो रहा है। सूचना तकनीक के माध्यम से विश्वभर के रामभक्तों को मंदिर की गतिविधियों, धार्मिक अनुष्ठानों और जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा सकता है। इससे न केवल विश्वास बढ़ेगा, बल्कि मंदिर की वैश्विक पहचान भी और मजबूत होगी। यह भी स्मरण रखना आवश्यक है कि किसी भी बड़े संस्थान का वास्तविक मूल्य उसके भवनों से नहीं, बल्कि उसकी कार्यसंस्कृति से तय होता है। यदि प्रशासन संवेदनशील, जवाबदेह और जनहितकारी होगा तो मंदिर आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु केवल दर्शन ही नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मीयता का भी अनुभव करेगा। यही वह भावना है जिसे भारतीय परंपरा रामराज्य का आधार मानती श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास में नया नेतृत्व वस्तुतः एक नए प्रशासनिक युग की शुरुआत का संकेत है। यह निर्णय बताता है कि भारत की सबसे बड़ी आस्था को अब आधुनिक प्रबंधन, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में सफलता का वास्तविक पैमाना यही होगा कि अयोध्या विश्व के सबसे अनुकरणीय आध्यात्मिक नगरों में स्थान प्राप्त करे, जहां धर्म और व्यवस्था, श्रद्धा और सेवा, परंपरा और प्रगति एक साथ विकसित होते दिखाई दें।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

पर्व
सच्चिदानंद वर्मा

जन्माष्टमी का वास्तविक उत्सव अपने हृदय में मनाएं

जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला एक अत्यंत पवित्र और प्रसिद्ध त्योहार है,जो हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। भगवान श्रीकृष्ण देवकी और वासुदेव के आठवें पुत्र थे। उनका जन्म मथुरा की एक कारागार (कंस के कारावास) में हुआ था। अपने मामा कंस के अत्याचारों से मथुरावासियों को मुक्ति दिलाने के लिए उनका जन्म हुआ था। जन्माष्टमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मा के जागरण का आह्वान भी है। यह हमें याद दिलाता है कि जैसे श्रीकृष्ण ने अपने पुरुषार्थ से देवत्व को पाया, वैसे ही हम भी ज्ञान और योग के मार्ग पर चलकर अपने वास्तविक स्वरूप को प्राप्त कर सकते हैं। जब हम भगवान श्रीकृष्ण के साथ अधिकाधिक समस्वर होने का प्रयास करते हैं तो जन्माष्टमी का उत्सव हमारे हृदयों और आत्माओं के भीतर मनता है। विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ योगी कथामृत के लेखक परमहंस योगानन्द ने गीता की अपनी व्याख्या, "ईश्वर-अर्जुन संवाद," में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए अमर सन्देश के सच्चे अर्थ की विस्तृत व्याख्या की है। योगानन्द बताते हैं कि महाभारत के नाम से प्रसिद्ध कुरुक्षेत्र के युद्ध का वास्तविक महत्व उन आन्तरिक संघर्षों में निहित है जिनका सामना प्रत्येक मनुष्य को निरन्तर अपने मन में करना पड़ता है। मानवीय जीवन के प्रत्येक खण्ड में स्वयं हमारी अच्छी प्रवृत्तियों और बुरी प्रवृत्तियों को परस्पर युद्ध करना पड़ता है। अन्ततः अच्छाई की विजय और बुराई की पराजय होती है, परन्तु इसके लिए हमें ईश्वर के निकट जाने के लिए दृढ़ प्रयास करना और उसके परिणामस्वरूप भौतिक संसार के प्रति सभी आसक्तियों को त्यागना आवश्यक है। जन्माष्टमी के इस दिवस पर हम सबको अपने अन्तरतम् में विद्यमान भगवान श्रीकृष्ण को जाग्रत करने का प्रयास करना चाहिए। जहां हमारी ऊर्जा होती है, वहीं हमारी चेतना होती है। यदि इसके प्रवाह को अंतर्मुखी कर दिया जाए तो उसी अंतर्मुखी, निर्लिप्त मन के माध्यम से हम प्रेम के उस अनंत स्रोत तक पहुंच सकते हैं जो हमें कृष्ण चैतन्य का अनुभव करा सकता है, जहां श्रीकृष्ण हमारी चेतना में जन्म लेते हैं। जन्माष्टमी कृष्ण के जन्म का उत्सव है। जब हम उनके जन्म का जश्न मनाते हैं, तो हम अपने दिलों में उनकी उपस्थिति के जन्म के लिए भी प्रार्थना कर सकते हैं। कृष्ण की बांसुरी आज भी पुकारती है। इसकी आवाज़ बाहर के शोर-शराबे में नहीं, बल्कि भीतर की शांति में सुनाई देती है। जब हम ध्यान के माध्यम से अपने भीतर मुड़ते हैं, तो हम वह जान सकते हैं जिसे कृष्ण ने अर्जुन - और हम सभी - में जगाने का प्रयास किया था, जीने का साहस, कर्म करने की बुद्धिमत्ता और अपने सच्चे दिव्य स्वरूप को जानने का आनंद। कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर महान योगी परमहंस योगानंद के विचार अत्यंत गहरे, दार्शनिक और आध्यात्मिक रूप से व्यावहारिक हैं। योगानंद ने भगवान कृष्ण को केवल एक ऐतिहासिक महापुरुष या पौराणिक चरित्र नहीं माना, बल्कि उन्हें दिव्य प्रेम और आनंद का अवतार तथा योगेश्वर के रूप में देखा है। भगवद्गीता पर अपनी प्रसिद्ध व्याख्या गॉड टॉक्स विद अर्जुन में उन्होंने कृष्ण के जीवन और संदेश के सूक्ष्म आध्यात्मिक अर्थों को उजागर किया है। जन्माष्टमी का वास्तविक अर्थ केवल बाहरी उत्सव मनाना या उपवास रखना नहीं है। इसका गहरा आध्यात्मिक अर्थ है, अपने भीतर कृष्ण चेतना को जाग्रत करना। जब एक साधक गहरे ध्यान में उतरता है, तो उसके शांत मन रूपी गर्भ में ईश्वर के आनंद और दिव्य प्रेम का जन्म होता है। यही वास्तविक जन्माष्टमी है। सही मार्ग सक्रियता में ध्यान और ध्यान में सक्रियता (संतुलित जीवन) का है। कर्तव्य कर्म करते हुए भी मन को निरंतर ईश्वर में स्थिर रखना ही कृष्ण का वास्तविक संदेश है। भगवान कृष्ण ने भगवद्गीता में जिस राजयोग और निष्काम कर्मयोग की बात की है, वह वास्तव में क्रिया योग का ही प्राचीन विज्ञान है। ध्यान और वैज्ञानिक योग तकनीकों के माध्यम से सांसों और मन को नियंत्रित करके ही अर्जुन की तरह जीवन के कुरुक्षेत्र (आंतरिक विकारों और अच्छाइयों के युद्ध) में विजय प्राप्त की जा सकती है। ईश्वर के आंतरिक आनंद के बिना कर्म करना नरक के समान कष्टकारी हो सकता है। जब कोई ध्यान के माध्यम से ईश्वर के आनंद को छू लेता है, तो वह जहाँ भी जाता है, अपने भीतर एक चलती-फिरती स्र्वग लेकर चलता है। योगानंद ने सिखाया कि इस जन्माष्टमी पर हमें भगवान कृष्ण से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि हम उनके संतुलित जीवन के उदाहरण को अपना सकें। इस पावन समय में ध्यान और भक्ति के द्वारा उनकी नित्य-वर्तमान उपस्थिति और अनन्त प्रेम का अनुभव करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

वार्ता से निकल सकता है समस्या का हल

संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहा- उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहा- आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहा- ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछा- पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोला- तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहा- क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोला- जी हां ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

अंतर्मन

आज की पाती

कितनी सुरक्षित हैं महिलाएं व बालिकाएं?

हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली में चलती स्लीपर बस में 16 वर्षीय छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार घटना के आरोपी बस चालक और कंडक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा बस को भी जब्त कर लिया गया है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर यह गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर देश में महिलाएं और बालिकाएं कितनी सुरक्षित हैं? इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि जिस बस में यह हैवानियत हुई, वह करीब 47 किलोमीटर तक चलती रही, लेकिन इस दौरान न तो बस को किसी चेकपोस्ट पर रोका गया और न ही किसी स्तर पर ऐसी कोई निगरानी सामने आई जिससे इस अपराध को समय रहते रोका जा सकता। - *सुनील चौबे, धमतरी*

ट्रेंड

भारत और बेल्जियम

भारत और बेल्जियम के संबंध एक नए और बड़े लक्ष्य वाले दौर में प्रवेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के साथ बातचीत के दौरान, हमने व्यापार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा

दिल्ली, 5,088 बसों के देश के सबसे बड़े ईवी बस बेड़े के साथ भारत की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी यात्रा में सबसे आगे है। आज 50 और ई-बसों और नई दिल्ली-रेवाड़ी सर्विस के शुरू होने से यात्रियों को साफ़-सुथरी यात्रा, बेहतर कनेक्टिविटी और मज़बूत पब्लिक ट्रांसपोर्ट नेटवर्क मिलेगा।
- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

चुनौतियों का सामना

एलबीपीए असम पूरे भारत से पुलिस बलों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। यहां साइबर क्राइम से लेकर डिजिटल धोखाधड़ी जैसी नई चुनौतियों का सामना करने के लिए ट्रेनिंग को बेहतर बनाया जा रहा है। हमारा लक्ष्य एक नेशनल एकेडमी बनाना है।
- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम

शुद्धिकरण की रस्म

हल्द्वानी की घटना सीधे तौर पर छुआछूत का मामला है। हल्द्वानी में शुद्धिकरण की रस्मों के ज़रिए दलितों को यह संदेश दिया गया कि 'हम श्रेष्ठ हैं और वे निचली जाति के हैं', इसलिए यह शुद्धिकरण किया गया।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

करंट अफेयर

चीन में अकादमिक कदाचार पर कार्रवाई, चार प्रोफेसर हटाए

चीन ने अकादमिक कदाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सार्वजनिक कार्रवाई शुरू करते हुए चार प्रमुख शिक्षाविदों को उनके पद से हटा दिया है और विश्वविद्यालयों तथा अस्पतालों के 40 से अधिक शोधकर्ताओं के खिलाफ जांच शुरू की है। हांगकांग से प्रकाशित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने बृहस्पतिवार को खबर दी कि चीन के राष्ट्रीय प्राकृतिक विज्ञान फाउंडेशन (एनएसएफसी) ने 26 अगस्त को देशभर के विश्वविद्यालयों और अस्पतालों में अकादमिक कदाचार के 31 नए मामलों का विवरण जारी किया। इन मामलों में 40 से अधिक शोधकर्ता शामिल हैं। एनएसएफसी की यह घोषणा चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा अकादमिक कदाचार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आह्वान करने के करीब दो महीने बाद की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में चार प्रमुख शिक्षाविदों को अपने पद गंवाने पड़े। हाई-प्रोफाइल ब्लॉगर और पीएचडी की पढ़ाई बीच में छोड़ चुके छात्र गेंग ने अप्रैल में सार्वजनिक रूप से इन शिक्षाविदों के नाम उजागर किए थे और उनके शोध में कथित कदाचार की ओर ध्यान दिलाया था। इन चारों शिक्षाविदों को राष्ट्रीय उत्कृष्ट युवा वैज्ञानिकों के लिए राष्ट्रीय विज्ञान कोष से सम्मानित किया जा चुका है।

ऑफ बीट

22 मिनट का व्यायाम करेगा स्वास्थ्य जोखिमों को कम

विकसित देशों में लोग प्रतिदिन औसतन नौ से दस घंटे बैठे रहते हैं। चाहे वह कंप्यूटर के सामने समय बिताना हो, ट्रैफिक में फंसना हो, या टीवी के सामने आराम करना हो, हमारा जीवन तेजी से गतिहीन हो गया है। यह चिंताजनक है क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से मोटापा, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर सहित कई स्वास्थ्य समस्याएं जुड़ी होती हैं। ये स्वास्थ्य समस्याएं शीघ्र मृत्यु का कारण बन सकती हैं। एक नए अध्ययन से पता चला है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए, दिन में केवल 22 मिनट व्यायाम करने से अत्यधिक गतिहीन जीवन शैली से समय से पहले मौत का खतरा कम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जो लोग दिन में 12 घंटे से अधिक समय तक गतिहीन रहते थे, उनमें मृत्यु का जोखिम सबसे अधिक था (आठ घंटे तक गतिहीन रहने वाले लोगों की तुलना में 38% अधिक जोखिम)। हालाँकि, यह केवल उन लोगों में देखा गया जो प्रतिदिन 22 मिनट से कम मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करते थे। इसलिए जिन लोगों ने 22 मिनट से अधिक व्यायाम किया, उनके लिए अब कोई महत्वपूर्ण जोखिम नहीं था - यानी, जोखिम आम तौर पर उन लोगों के समान हो गया जो आठ घंटे तक गतिहीन थे।

राम मंदिर ट्रस्ट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एयर मार्शल (रिटायर्ड) जीतेंद्र मिश्रा गुरुवार सुबह दिल्ली से फ्लाइट के जरिए अयोध्या पहुंचे। अयोध्या पहुंचने के बाद उन्होंने सबसे पहले राम मंदिर जाकर भगवान राम के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। इसके बाद वह रामघाट स्थित श्री राम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय पहुंचे।

अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों को समझने में लगेंगे कुछ और दिन

राम मंदिर ट्रस्ट के पहले सीईओ एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा ने संभाली जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

मिश्रा ने ट्रस्ट के सदस्यों और पदाधिकारियों के साथ अपनी पहली बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्हें ट्रस्ट के कामकाज, लेखा व्यवस्था और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई। बैठक को मुख्य रूप से परिचयात्मक बैठक बताया गया, जिसमें नए सीईओ का ट्रस्ट के अन्य सदस्यों से औपचारिक परिचय कराया गया। बैठक के बाद जीतेंद्र मिश्रा ने कहा कि यह परिचयात्मक बैठक थी, जिसमें उन्होंने ट्रस्ट के दूसरे सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों को समझने में उन्हें कुछ और दिन लगेंगे। मिश्रा फिलहाल मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय में ही ठहरे हुए हैं।

ट्रस्ट के महासचिव गोविंद देव गिरि ने बताया कि गुरुवार को नए सीईओ के साथ ट्रस्ट सदस्यों का औपचारिक परिचय हुआ। उन्होंने कहा कि सीईओ के लिए एसओपी तैयार की जाएगी, जिसमें उनकी जिम्मेदारियों और अधिकारों को स्पष्ट किया जाएगा। आने वाले दिनों में इस प्रक्रिया को पूरा किए जाने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, जीतेंद्र मिश्रा दिन में ट्रस्ट की कुछ और बैठकों में भी शामिल हो सकते हैं। अपनी जीवन यात्रा को याद करते हुए भावुक अंदाज में जितेंद्र मिश्रा ने कहा, मैं 17 साल की उम्र में उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में स्थित अपने गांव से निकला था। इसके बाद मैंने 60 साल की उम्र तक भारतीय वायुसेना में रहकर पूरी निष्ठा से राष्ट्र की सेवा की।

सीईओ की जिम्मेदारियों के लिए तैयार होगी एसओपी

सीईओ की नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब मंदिर ट्रस्ट की प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। मंदिर में मिले कथित चंदा गबन के विवाद के बाद आठ लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। इस विवाद के बाद चंपत राय ने महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद ट्रस्ट की प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। बुधवार को ट्रस्ट ने गोविंद देव गिरि को महासचिव और महेश भगचंदका को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया था। इसके अलावा मदन मोहन पांडेय और निर्मला यादव समेत नए ट्रस्टियों को भी शामिल किया गया। ट्रस्ट की जिम्मेदारियां लगातार बढ़ रही हैं और इसी को देखते हुए प्रशासनिक एवं वित्तीय कामकाज को अधिक व्यवस्थित करने पर जोर दिया जा रहा है।

दान घोटाले के विवाद के बाद ट्रस्ट में बदलाव

डिप्टी सीईओ की भी होगी नियुक्ति, ऐसे होगा सिलेक्शन

राम मंदिर में आने वाले कुछ समय ही संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (डिप्टी सीईओ) की भी तैनाती की जाएगी। यह जानकारी राम मंदिर ट्रस्ट के नये महासचिव नियुक्त हुए महंत गोविंद देव गिरि ने दी। उन्होंने बताया कि आवश्यकता के अनुसार डिप्टी सीईओ का सलेक्शन उपलब्ध कराए गये पैनल से हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रस्ट के प्रवक्ता के लिए जिस उपयुक्त नाम की तलाश है, वह अभी पूरी नहीं हुई है। इसके कारण प्रवक्ता का चयन स्थगित रखा गया है। जैसे ही उपयुक्त नाम की तलाश पूरी होगी वैसे घोषणा कर दी जाएगी।

खबर संक्षेप

दिल्ली जल बोर्ड केस सत्येंद्र को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में आप नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को बड़ी राहत मिली है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को उन्हें जमानत दे दी। यह मामला उस वक्त का है, जब वे केजरीवाल सरकार में जल मंत्री थे। कोर्ट ने जैन को 2 लाख के निजी बॉन्ड और इतनी ही रकम के दो जमानतदार पेश करने का निर्देश दिया है। जैन को इस मामले में 18 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली जल बोर्ड में करप्शन से जुड़ा यह मामला एमएस यूरोटेक एनवायरनमेंटल प्राइवेट लिमिटेड को दिए गए एक टेंडर से जुड़ा है।

सीजेपी के खिलाफ बनी सीजेपी डेमोक्रेटिक पार्टी

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी की तरह कॉकरोच जनता पार्टी डेमोक्रेटिक का ऐलान हुआ है। मनीष ब्रह्मभट्ट नाम के युवक ने कहा कि सीजेपी पूरी तरह से केजरीवाल की पार्टी बन गई है। मनीष ब्रह्मभट्ट ने गुरुवार (3 सितंबर) को कहा, 'आंदोलन देश का आंदोलन था। लोगों की वजह से आंदोलन सफल हुआ, आंदोलन खत्म होने के बाद इनका सौदा हो गया है। टीम केजरीवाल बन गई है।' अहमदाबाद के रहने वाले मनीष ब्रह्मभट्ट का दावा है कि वो सीजेपी आंदोलन से जुड़े थे। उन्होंने दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, 'दीपके की 12 लोगों की टीम बनाई, घर बैठ कर बना लिया। हम चाहते थे कि हर राज्य से पांच लोगों का प्रतिनिधि हो। राजा बनकर कोई फैसला नहीं हो।'

अयोग्यता मामला : अभिषेक बनर्जी की शिकायत पर बिरला ने जारी किया नोटिस

टीएमसी के बागी सांसदों पर लटकी तलवार स्पीकर ने दिया 22 सितंबर तक का वक्त

» लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने गुरुवार को टीएमसी के बागी सांसदों को अयोग्य घोषित करने के मामले में नोटिस जारी कर 22 सितंबर तक इस बारे में जवाब दाखिल करने कहा है। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने 18 जून को स्पीकर बिरला से इन बागी सांसदों के खिलाफ संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्य करार देने की मांग की थी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

14 जून को 20 टीएमसी सांसदों ने खुद को पार्टी से अलग कर लिया था। बाद में नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल हो गए। इसके बाद इन्होंने एनडीए को समर्थन का ऐलान किया था। इसी मामले में टीएमसी संसदीय दल के नेता अभिषेक ने बिरला से गुरुवार को मुलाकात कर अयोग्यता की कार्यवाही तेज करने की मांग की थी। स्पीकर ओम बिरला ने सदन में अलग हुए 20 सांसदों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था की है, लेकिन उनके विलय को अब तक मंजूरी नहीं दी है। बनर्जी इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचे थे। वहां लोकसभा स्पीकर और सदन के महासचिव की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच को बताया था कि स्पीकर ने टीएमसी की ओर से दसवीं अनुसूची के तहत दायर अयोग्यता याचिकाओं पर 20 सांसदों को नोटिस जारी कर दिए हैं।

पहले दिया था सात दिन का समय

पहले इन सांसदों को जवाब देने के लिए सिर्फ सात दिन का समय दिया गया था। लोकसभा अध्यक्ष ने 26 अगस्त को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा था। सांसदों ने जवाब तैयार करने के लिए अतिरिक्त समय की मांग की थी। उनकी इसी मांग को स्वीकार करते हुए स्पीकर ने अब 22 सितंबर की नई समयसीमा तय कर जवाब देने की राहत दी है।

ऑफिस में तोड़फोड़, अभिषेक ने शेयर किया सीसीटीवी फुटेज

टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को भाजपा पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित हथियारबंद लोगों ने तड़के कोलकाता में उनकी पार्टी के कामाक स्ट्रीट स्थित कार्यालय में तोड़-फोड़ की। जिसके बाद पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में ले लिया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी ने सोशल मीडिया पर हमले का कथित सीसीटीवी फुटेज शेयर किया। जिसमें मास्क और हेलमेट पहले कई लोग टीवी समेत कई इलेक्ट्रॉनिक सामान लेकर ऑफिस से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक और कथित क्लिप में एक कमरा दिखा जिसमें टूटी-फूटी चीजें बिखरी हुई थीं।

भाजपा ने बताया आरोपों को बेबुनियाद

भाजपा ने टीएमसी के आरोपों को खारिज कर दिया है। बारानगर से भाजपा विधायक सजल घोष ने कहा कि इस घटना में उनकी पार्टी का कोई कार्यकर्ता शामिल नहीं था। उन्होंने उल्टा सवाल उठाया कि इतनी सुबह टीएमसी के लोग कार्यालय में क्यों मौजूद थे।

कुर्सी बचाने के लिए इस्तीफा देने वालों को सरकारी लाभ क्यों ?

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों को जारी किया नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संवैधानिक पदों पर बैठे अधिकारियों के हटाए जाने की प्रक्रिया से बचने के लिए इस्तीफा देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण सवाल उठाया है। शीर्ष अदालत ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र और सभी राज्यों को नोटिस जारी किया है। याचिका में मांग की गई है कि ऐसे संवैधानिक पदाधिकारियों को किसी भी तरह की सुविधा या लाभ नहीं दिया जाना चाहिए, जो हटाए जाने से बचने के लिए अपनी कुर्सी से इस्तीफा दे देते हैं। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने इस जनहित याचिका पर केंद्र और राज्यों से जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि यदि कोई संवैधानिक पद पर तैनात अधिकारी या पदाधिकारी अपने खिलाफ हटाए जाने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद या ऐसी प्रक्रिया से बचने के लिए इस्तीफा देता है, तो उसे बाद में किसी भी प्रकार की सुविधा या लाभ नहीं मिलना चाहिए। याचिकाकर्ता ने ऐसे प्रावधानों और नियमों को भी चुनौती दी है, जिनके तहत इस्तीफा देने वाले ऐसे व्यक्ति को किसी तरह की सुविधा या लाभ मिल सकता है।

प्रक्रिया शुरू होने के बाद इस्तीफा पर रोक की मांग

याचिका में सुप्रीम कोर्ट से संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे ऐसे संवैधानिक पदाधिकारियों को कोई सुविधा या लाभ न दें, जिन्होंने हटाए जाने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद या फिर ऐसी प्रक्रिया शुरू होने से बचने के लिए अपने पद से इस्तीफा दिया हो। याचिकाकर्ता का तर्क है कि किसी संवैधानिक पदाधिकारी को हटाए जाने की प्रक्रिया से बचने के लिए इस्तीफा देने के बाद भी सुविधाएं या लाभ मिलना उस व्यवस्था के उद्देश्य को कमजोर कर सकता है। इसी मुद्दे को लेकर अदालत से स्पष्ट दिशा-निर्देश देने की मांग की गई है।

'जोरावर टैंक से बढ़ेगा भारत और बेल्जियम का रिश्ता'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की मौजूदगी में गुरुवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में कई महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) हुए। भारत और बेल्जियम गुरुवार को व्यापार, रक्षा, अहम खनिजों, स्वच्छ ऊर्जा और टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में अपना सहयोग काफी बढ़ाने पर सहमत हुए। मीडिया के सामने दिए बयान में मोदी ने बताया कि पिछली तिमाही में भारत की विकास दर 7.8 प्रतिशत रही और कहा कि देश की आर्थिक तरक्की दुनिया के लिए भरोसे और नए मौकों का ज़रिया है। वहीं, बेल्जियम के प्रधानमंत्री ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि नई दिल्ली और ब्रसेल्स ऐसे रिश्ते बना रहे हैं जो पहले से कहीं ज़्यादा व्यापक और रणनीतिक हैं। भारत और बेल्जियम के बीच रक्षा सहयोग के बीच मोदी ने खास तौर पर जोरावर टैंक परियोजना का जिक्र किया और कहा कि दोनों देश इस परियोजना पर मिलकर काम कर रहे हैं और इससे दोनों देशों का रिश्ता और मजबूत होगा। पीएम मोदी ने इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र में सहयोग का दायरा और बढ़ाने पर भी जोर दिया। भारत लगातार अपने रक्षा उत्पादन को मजबूत करने के लिए विदेशी तकनीक और घरेलू क्षमता के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दे रहा है।

- डील हुई पक्की, एमओयू साइन करने के बाद बोले पीएम मोदी

तोखन साहू ने मुख्यमंत्री साय से की सौजन्य भेंट

नई दिल्ली। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच आत्मीय मुलाकात हुई।

भेंट के दौरान छत्तीसगढ़ के विकास, जनहित और राज्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने तथा नागरिकों के हित में संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस दौरान प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति देने तथा केंद्र सरकार की योजनाओं का बेहतर लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए केंद्र और राज्य के बीच निरंतर समन्वय पर जोर दिया गया। इस अवसर पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे।

रूस के साथ जारी युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति आंद्रेई सिबिहा से मिले जयशंकर

'समझौते कराने भारत हर प्रकार से सहायता को तैयार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अपनी दो देशों (यूक्रेन और पोलैंड) की मौजूदा विदेश यात्रा के पहले पड़ाव के रूप में गुरुवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की के साथ कीव में शिष्टाचार मुलाकात की है। जिसमें उन्होंने खासतौर पर यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक के बारे में राष्ट्रपति को अवगत कराया। वार्ता में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक गहराई प्रदान करने को लेकर चर्चा की है। एक्स पर एक पोस्ट के जरिए भारत के विदेश मंत्री ने यह जानकारी साझा की है। जिसमें उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ हुई मुलाकात को लेकर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि विदेश मंत्री सिबिहा के साथ बैठक के दौरान हमने रूस और यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने से जुड़े हुए दृष्टिकोणों पर भी विचार-विमर्श किया। यहां बता दें कि यूक्रेन से पहले जयशंकर ने हाल ही में रूस की यात्रा की थी। जहां उन्होंने भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग की बैठक में भाग लेने के अलावा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ भी मुलाकात की थी।

समाधान को लेकर मदद को तैयार भारत

जयशंकर ने यह भी कहा कि संघर्ष के बीच रूस और यूक्रेन को ही आगे बढ़ने का मार्ग ढूंढना पड़ेगा। लेकिन समाधान को लेकर भारत हर प्रकार से सहायता करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री सिबिहा के साथ हुई वार्ता में भी इस मुद्दे और संघर्ष से संबंधित कुछ खास पहलुओं पर भी चर्चा की गई। जिसमें वैश्विक जलमार्गों से आवाजाही के दौरान वाणिज्यिक जहाजों पर होने वाले हमले के मसले को शामिल किया गया।

ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ता प्रभाव : भारतीय विदेश मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि संघर्ष का समुद्री परिवहन पर काफी गंभीर प्रभाव पड़ता है। जिसकी चपेट में आकर वैश्विक दक्षिण के कई देश विभिन्न प्रकार से प्रभावित हो रहे हैं। ईंधन, उर्वरक और खाद्य पदार्थों की कमी जैसी जटिल समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

पुलिस पर पत्रकारों से मारपीट का आरोप

नई दिल्ली। साकेत में मैक्स अस्पताल के नए विंग के उद्घाटन कार्यक्रम की रिपोर्टिंग करने पहुंचे दो स्वतंत्र पत्रकारों के साथ कथित मारपीट और दुर्व्यवहार के मामले ने पत्रकार संगठनों में आक्रोश पैदा कर दिया है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया समेत पांच प्रमुख पत्रकार संगठनों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए दिल्ली पुलिस के संबंधित अधिकारियों, साकेत थाने के एसएचओ समेत अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, इंडियन विमेंस प्रेस कॉर्प्स, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, प्रेस एसोसिएशन और केरल यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट की ओर से गुरुवार को जारी संयुक्त प्रेस बयान में कहा गया कि स्वतंत्र पत्रकार शाहीन खान और नफीसा खान मैक्स अस्पताल, साकेत में नए विंग के उद्घाटन कार्यक्रम की रिपोर्टिंग कर रही थीं। इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा किया जाना था। दोनों पत्रकारों को साकेत थाने से जुड़े दिल्ली पुलिसकर्मियों के एक समूह ने मौके पर कथित तौर पर पहले रोका और उनके साथ हाथापाई की।

- कदिल्ली प्रेस क्लब ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल/मप्र/कुसमुण्डा क्षेत्र/2026/455 दिनांक 20.08.2026

सार्वजनिक सूचना

यह सर्वसाधारण एवं विशेष रूप से विकास नगर स्थित 120 एम.डी. कंपनी आवासों में निवासरत व्यक्तियों को सूचित किया जा रहा है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा उक्त आवासों का सर्वेक्षण कराया गया एवं सर्वेक्षण के दौरान यह पाया गया कि उक्त आवास अत्यंत जर्जर एवं असुरक्षित अवस्था में है तथा उनकी संरचनात्मक स्थिरता प्रभावित हो चुकी है जिस कारण एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा उक्त कंपनी आवासों को सर्वे ऑफ किया जा चुका है।

अतः उक्त आवासों में निवासरत सभी व्यक्तियों/परिवारों को निर्देशित एवं अनुरोध किया जाता है कि वे अपनी सुरक्षा एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित कंपनी आवासों को तत्काल अथवा यथाशीघ्र खाली करना सुनिश्चित करें। यह भी सूचित किया जाता है कि जर्जर अवस्था के कारण उक्त आवास किसी भी समय आंशिक अथवा पूर्ण रूप से ध्वस्त हो सकते हैं, जिससे जान-माल की हानि होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। निवासरत किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की दुर्घटना, क्षति अथवा जन-हानि होती है, तो उसके लिए एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र उत्तरदायी नहीं होगा तथा समस्त उत्तरदायित्व संबंधित आवासधारी/निवासी का स्वयं का होगा। यह सूचना जनहित, सार्वजनिक सुरक्षा एवं संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से जारी की जा रही है।

SECL/26-27/133 स्टाफ अधिकारी (एचआर), एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

साऊथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड का उपक्रम)

एसईसीएल / जीएम / कुसमुण्डा / भू.रा. / 2026 / 900 दिनांक 22.08.2026

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम रिसदी के 136.339 हे. की भूमि का अर्जन सी.बी.ए. एक्ट (ए. एण्ड डी) अधिनियम 1957 के तहत किया गया है, जिसमें लागू सी.आई.एल. (आर. एण्ड आर.) पालिसी 2012 के अनुसार घटते क्रम (रकबा के) Concept के आधार पर 168 भू-स्वामियों/आश्रितों की पात्रता बनती है, जिसमें से 02 भूस्वामी/आश्रित द्वारा रोजगार हेतु नामांकन पत्र जमा किया गया है, जिसका विवरण अधो लिखित तालिकानुसार है:-

क्र.	स्टेटमेंट 5 के अनुसार भूस्वामी का नाम/पिता का नाम	खसरा नम्बर	रकबा (हे. में)	कुल रकबा (हे. में)	उम्मीदवार का नाम (नामांकित व्यक्ति का नाम) एवं खातेदार से संबंध	भूस्वामियों/नामित उम्मीदवार द्वारा जमा किए गए पत्रों में भूस्वामी/उम्मीदवार का नाम			टिप्पणी
						विभिन्न दस्तावेज	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर खातेदार का नाम	विभिन्न दस्तावेज के आधार पर उम्मीदवार का नाम	
1	लक्ष्मण सिंह पिता बेद सिंह कंवर	44/4 45/4 46/3 47/4 68/4 152/1 152/5 234 358/2 374/7 424 427 433/6 496/4 503/2 551/2 561/6	0.056 0.012 0.048 0.020 0.012 0.016 0.040 0.081 0.045 0.109 0.024 0.085 0.081 0.066 0.040 0.142 0.142	1.019	अरूण कुमार पिता लक्ष्मण सिंह (सबंध-पुत्र)	नामांकन पत्र	लक्ष्मण सिंह पिता बेद सिंह कंवर	अरूण कुमार पिता लक्ष्मण सिंह	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
						सत्यापन	लक्ष्मण सिंह पिता बेद सिंह कंवर	अरूण कुमार पिता लक्ष्मण सिंह	
						घटते क्रम सूची के अनुसार क्र- 27	लक्ष्मण सिंह पिता बेद सिंह कंवर	--------	
						स्टेटमेंट 1 A	लक्ष्मण सिंह पिता बेद सिंह कंवर	--------	
						बी-1 वर्ष2009-10	लक्ष्मण सिंह पिता बेदसिंह कंवर	--------	
						पी-2 वर्ष 2005-06- 2009-10	लक्ष्मण सिंह पिता बेदसिंह कंवर	--------	
						पी-2 वर्ष 2009-10- 2013-14	लक्ष्मण सिंह पिता बेद सिंह कंवर	--------	
						ऋण पुस्तिका	लक्ष्मण सिंह पिता बेद सिंह	--------	
						वंशवृक्ष	लक्ष्मण सिंह पिता बेद सिंह	अरूण कुमार पिता लक्ष्मण सिंह	
						निवास प्रमाण पत्र	--------	अरूण कुमार पिता लक्ष्मण सिंह	
						जाति प्रमाण पत्र	--------	अरूण कुमार पिता लक्ष्मण सिंह	
						शैक्षणिक प्रमाण पत्र	--------	8th- अरूण कुमार पिता लक्ष्मण सिंह	
						रोजगार पंजी	--------	Arun Kumar S/o Laxman Singh	
						आधार कार्ड	लक्ष्मण	अरूण कुमार पिता लक्ष्मण सिंह	
1	बिसुन सिंह पिता ईतवार सिंह कंवर	491/4 578/2	0.089 0.275	0.364	समीर सिंह पिता बिसुन सिंह (सबंध-पुत्र)	नामांकन पत्र	बिसुन सिंह पिता ईतवार सिंह कंवर	समीर सिंह पिता बिसुन सिंह	खातेदार एवं उम्मीदवार के द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार विभिन्न पत्रों/दस्तावेजों में भिन्न भिन्न नाम एक ही व्यक्ति के है।
						सत्यापन	बिसुन सिंह पिता ईतवार सिंह कंवर	समीर सिंह पिता बिसुन सिंह	
						घटते क्रम सूची के अनुसार क्र- 27	बिसुन सिंह पिता ईतवार सिंह कंवर	--------	
						स्टेटमेंट 1 A	बिसुन सिंह पिता ईतवार सिंह कंवर	--------	
						बी-1 वर्ष 2009-10	बिशुन सिंह पिता ईतवार सिंह कंवर	--------	
						पी-2 वर्ष 2005-06- 2009-10	बिसुन सिंह पिता ईतवार सिंह	--------	
						पी-2 वर्ष 2009-10 - 2013-14	बिशुन सिंह पिता ईतवार सिंह कंवर	--------	
						ऋण पुस्तिका	बिसुन सिंह पिता ईतवार सिंह	--------	
						वंशवृक्ष	बिसुन सिंह	समीर सिंह पिता बिसुन सिंह	
						निवास प्रमाण पत्र	--------	समीर सिंह पिता बिशुन सिंह	
						जाति प्रमाण पत्र	--------	समीर सिंह पिता बिसुन सिंह	
						शैक्षणिक प्रमाण पत्र	--------	10th- Sameer Singh S/o Bishun Singh	
						रोजगार पंजी	--------	Samir Singh Kanwar S/o Bishun Singh	
						आधार कार्ड	बिशुन सिंह C/o सगुन सिंह कंवर	समीर सिंह पिता बिसुन सिंह	

उक्त भूस्वामी/नामांकित व्यक्ति (उम्मीदवार) के रोजगार या उनके नाम के संबंध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की यदि आपत्ति हो तो वे प्रकाशन दिवस से 7 दिनों के अंदर अपना दावा आपत्ति महाप्रबंधक, कार्यालय एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र में प्रस्तुत कर सकते है, दिये गये समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

स्टॉफ अधिकारी (भू.रा.)
एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र

SECL/26-27/130

खबर संक्षेप

शंतरज प्रतियोगिता में चयनित होने पर सरस्वती सम्मानित

पथरिया। विकासखंड पथरिया के ग्राम कुकुसदा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला की प्रतिभावान छात्रा कु. सरस्वती साहू पिता गोपाल साहू का राष्ट्रीय स्तर की शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। छात्रा की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर विद्यालय परिवार की ओर से सरस्वती साहू का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ए के गोविंद, विकासखंड खेल प्रभारी अशोक यादव, व्यायाम शिक्षक विवेक राठौर, व्याख्याता आर एस वर्मा सहित वीरेंद्र राजपूत, बलराम पटेल, शंकर धुरी, विवेक केसरवानी, भूषण कोराम, मुकेश श्रीवास, नरेंद्र मरावी, विनोद दुबे, मनहरण ध्रुव, छत्रपाल कंवर, संदीप दुबे, विपिन पांडे सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने चयनित खिलाड़ी सरस्वती साहू को बधाई दी। शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

पॉलिटेक्निक मुंगेली पथरिया में प्रवेश प्रारंभ

मुंगेली। जिले के शासकीय पॉलिटेक्निक मुंगेली एवं शासकीय पॉलिटेक्निक पथरिया में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 3 से 6 सितंबर तक ऑनलाइन पंजीयन एवं च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। दोनों संस्थानों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रवेश नियमों एवं मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक मुंगेली एवं पथरिया में सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं। ऑनलाइन पंजीयन, च्वाइस फिलिंग अथवा प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर अभ्यर्थी सुविधा केंद्र से निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रथम वर्ष में प्रवेश प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट एवं निर्धारित प्रवेश नियमों के अनुसार किया जाएगा। वहीं द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए आईटीआई, 12वीं (व्यावसायिक/विज्ञान) अथवा समकक्ष अर्हता प्राप्त तथा निर्धारित प्रवेश नियमों के अनुसार पात्र अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

निधन

आशा देवी परिहार

बिलासपुर। गली नंबर एल-10 के सामने विनोबा नगर निवासी आशा देवी परिहार का 3 सितंबर को निधन हो गया। वे 72 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार भारती नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे राधेश्याम सिंह परिहार की पत्नी, प्रशांत सिंह परिहार, सुशांत सिंह परिहार, विक्रम सिंह परिहार, विराट सिंह परिहार, सुरेंद्र सिंह परिहार (नीटू), इंद्र सिंह परिहार की माता थीं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं। उनका स्नेह, ममता एवं आशीर्वाद सदैव परिवारजनों के जीवन में स्मरणीय रहेगा। उनका निधन परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

मुकेश जाधव

बिलासपुर। रेलवे में कार्यरत सरकंडा गीतांजलि स्वर्णिम इरा निवासी मुकेश जाधव का 3 सितंबर को निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रियंका जाधव के पति, रिद्धीमा जाधव के पिता दिनेश, अशोक, उमेश जाधव के भाई थे।

माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल बरेला की घटना, मटका फोड़ने की तैयारी के दौरान हादसा

हाईटेंशन तार की चपेट में आया सातवीं का छात्र, गंभीर

जरहागांव/तखतपुर। माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल बरेला में मटका फोड़ कार्यक्रम की तैयारी के दौरान बिरगांव निवासी कक्षा सातवीं का छात्र वैभव जायसवाल हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। करंट की चपेट में आने से छात्र गंभीर रूप से झुलस गया। उसके चेहरे सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर झुलसने की चोटें आई हैं। घायल छात्र को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है और वह आईसीयू में उपचाराधीन है।

गंभीर छात्र।

बताया जा रहा है कि स्कूल परिसर में मटका फोड़ कार्यक्रम के लिए मटकी बांधने का काम चल रहा था। इसी दौरान छात्र हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। करंट लगते ही वह बुरी तरह झुलस गया और स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायल छात्र के पिता राजेंद्र जायसवाल ने घटना को लेकर गहरी चिंता और आक्रोश जताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से घटना घटी है, मेरे बच्चे की जान भी जा सकती थी। उसके चेहरे के साथ शरीर के कई हिस्से झुलस गए हैं। अभी मेरा बेटा आईसीयू में भर्ती है। इस घटना से स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही सामने आ रही है। घटना की जानकारी मिलते ही जरहागांव थाना प्रभारी शोभा यादव घटनास्थल पहुंचीं। पुलिस ने घायल बच्चे को तत्काल अस्पताल रवाना कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में प्रथम दृष्टया स्कूल प्रबंधन की लापरवाही सामने आ रही है। हालांकि, अभी तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। अब जांच में यह स्पष्ट होना बाकी है कि हादसे की वास्तविक वजह क्या थी और कार्यक्रम की तैयारी के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किस स्तर पर चूक हुई।

जिम्मेदारी तय करने की मांग

हादसे के बाद छात्र के परिजन सदमे में हैं। वहीं, घटना की जानकारी सामने आने के बाद अन्य अभिभावकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि स्कूलों में सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम बच्चों के उत्साह और मनोरंजन के लिए होते हैं, लेकिन किसी भी कार्यक्रम की कीमत बच्चों की सुरक्षा से बड़ी नहीं हो सकती। परिजनों और स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय करने और नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

नोटिस जारी किया जाएगा

संस्थान को नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

-एलपी डाहिरे,
डीईओ, मुंगेली।

शिकायत पर होगी कार्रवाई

हाई टेंशन तार की चपेट में आने से स्कूली छात्र के झुलसने की जानकारी मिलने पर मौके पर निरीक्षण किया गया है। स्कूल के बीच से हाई टेंशन तार का जाना लापरवाही है। शिक्षा विभाग द्वारा जांच कर रिपोर्ट दी जाएगी उसके बाद या पालक के द्वारा शिकायत करने पर कार्रवाई की जाएगी।

-शोभा यादव,
थाना प्रभारी, जरहागांव

खम्हरिया स्कूल में गूंजा गोविंदा आला रे

सीपत। बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला खम्हरिया में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के एक दिन पूर्व गुरुवार को उत्साह और उमंग के साथ मटकी फोड़ एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

विद्यालय परिसर में भगवान श्रीकृष्ण और राधा के रूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण, राधा सहित विभिन्न आकर्षक वेशभूषाओं में अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में हिंदी माध्यम के प्राचार्य बलराम यादव, अंग्रेजी माध्यम की प्राचार्य शोभा केवट सहित राजेश, एनके मरावी, एसएल टेंगवर, राजकुमारी, हेमा ठाकुर, शशि श्रीवास, गणेशिया मरावी, ईशा टेंगवर, सरिता ठाकुर, सत्या कैवर्त, तृप्ति गुरुद्वान, रोशनी एवं सती सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कलेक्टर-एसएसपी ने आवासीय विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

लोरमी। ग्राम बंधवा स्थित पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल मौजूद रहे।

कलेक्टर-एसएसपी ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनकी पढ़ाई, दैनिक गतिविधियों तथा विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन बनाए रखने तथा अपने लक्ष्य को निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के विभिन्न कक्षों, परिसर एवं उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए जहां-जहां कमियां पाई गईं, उन्हें प्राथमिकता के साथ दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री तोपनो ने विशेष रूप से ऑडिटोरियम सहित विद्यालय की अन्य मूलभूत सुविधाओं को पूर्ण एवं व्यवस्थित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं को विद्यार्थियों के अनुकूल बनाने तथा उनकी आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं आवश्यक कार्यों के संबंध में कलेक्टर को जानकारी दी। कलेक्टर ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ बेहतर अधोसंरचना एवं सुविधाओं को आवश्यक बताते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बाढ़ से बचने समन्वय से कार्य करें अफसर

मुंगेली। जिले में हो रही अनवरत वर्षा के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने व्यापक आपदा पूर्व तैयारियों को लेकर निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि भारी वर्षा के कारण अचानक बाढ़, मनियारी एवं शिवनाथ नदियों के जलस्तर में वृद्धि, राजीव गांधी (खुड़िया) जलाशय में भारी जल आवक तथा शहरी क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

अगस्त माह का राशन नहीं मिलने पर सरपंच ने कलेक्टर को लिखा पत्र

चचेड़ी पंचायत में सैंकड़ों कार्डधारी परेशान, नहीं मिल रहा राशन

भर्रीडांड़। मरवाही जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चचेंड़ी में अगस्त माह का राशन नहीं मिलने से करीब 100 से 120 राशन कार्डधारी हितग्राही खाद्यान्न से वंचित हैं।

मामले को लेकर ग्राम पंचायत चचेंड़ी के सरपंच एवं सरपंच संघ के उपाध्यक्ष हेमंत कुमार मरावी ने जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर वंचित हितग्राहियों को अगस्त माह का राशन उपलब्ध कराने की मांग की है। सरपंच हेमंत कुमार मरावी, उपाध्यक्ष सरपंच संघ, द्वारा कलेक्टर को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि ग्राम पंचायत चचेंड़ी की उचित मूल्य राशन दुकान में राशन कार्ड के अनुसार हितग्राहियों के लिए आवश्यक मात्रा में राशन उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके कारण पंचायत के लगभग 100 से 120 हितग्राहियों को अगस्त 2026 का राशन नहीं मिल पाया। पत्र में उल्लेख किया गया है कि 31 अगस्त 2026 तक खाद्य विभाग द्वारा उचित मूल्य दुकान में पर्याप्त राशन उपलब्ध नहीं कराया गया, जिसके चलते राशन वितरण प्रभावित हुआ। सरपंच ने कलेक्टर से मांग की है कि अगस्त माह के राशन को लेप्स न किया जाए तथा सितंबर माह में अगस्त का राशन भी हितग्राहियों को वितरित कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

राशन आवंटन का दिया गया विवरण- सरपंच द्वारा कलेक्टर को दिए गए पत्र में उचित मूल्य दुकान के राशन आवंटन का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया गया है। इसमें कुल आवंटन के रूप में 189.39 क्विंटल चावल, 4.10 क्विंटल एपीएल तथा 6 क्विंटल शक्कर का उल्लेख है। वहीं अगस्त 2026 में उचित मूल्य दुकान को 119.39 क्विंटल चावल, 46 क्विंटल एपीएल तथा 3.59 क्विंटल शक्कर प्राप्त होने की जानकारी दी गई है। शेष आवंटन में 70 क्विंटल चावल, 3.60 क्विंटल एपीएल तथा 2.45 क्विंटल शक्कर का उल्लेख किया गया है।

हितग्राहियों को प्रशासन से राहत की उम्मीद

राशन वितरण प्रभावित होने से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच संघ के उपाध्यक्ष हेमंत कुमार मरावी ने प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए वंचित हितग्राहियों के लिए शीघ्र राशन की व्यवस्था की जाए, ताकि किसी भी पात्र परिवार को उसके अधिकार से वंचित न होना पड़े।

न किया जाए लेप्स

सरपंच चचेड़ी हेमंत कुमार मराबी एवं सरपंच संघ के उपाध्यक्ष इनका कहना है कि एक अगस्त को राशन आया था जिसमें आधे कार्डधारियों को मिल गया और वर्तमानव में राशन खत्म हो गया है। जो लोग बचे हैं उनको अगस्त का राशन नहीं मिल पाया है जिसके लिए पंचायत से कलेक्टर को अवगत कराया गया है कि इन हितग्राहियों को अगस्त का राशन सितंबर में ऐड करके दिया जाय लेप्स ना किया जाए।

सुरक्षित वातावरण में त्यौहार मनाने हुई शांति समिति की बैठक

मस्तूरी। स्थानीय थाने में गुरुवार को शांति समिति एवं साइबर जागरूकता अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में मनाने को लेकर पुलिस प्रशासन ने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की।

बैठक में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि त्यौहार आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक हैं। सभी समुदाय के लोग मिल-जुलकर त्यौहार मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, भड़काऊ संदेश या अफवाह फैलाने से बचने की भी अपील की गई। इसके साथ ही बैठक में साइबर अपराधों से बचाव को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अंत में पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की कि त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और मस्तूरी क्षेत्र में शांति, सद्भाव एवं भाईचारे की मिसाल कायम करें। बैठक में अतिरिक्त तहसीलदार चांदनी ध्रुव, नायब तहसीलदार शुभांगी गुप्ता,एएस आई योगिता साहू, ढोलाराम मरकाम सहित पुलिस स्टाफ , जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

भेदभाव नहीं, एचआईवी के प्रति जागरूकता जरूरी

सीपत। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एवं एड्स जनजागरूकता सघन प्रचार-प्रसार अभियान 2026 का आगाज किया गया। कार्यक्रम रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रघुनन्दन पटेल तथा शत्रुहन घृतलहरे के नेतृत्व में आयोजित हुआ। अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के मुख्य द्वार से नावाडीह चौक तक जनजागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में सत्यवान, लक्ष्मीन, प्रिया साहू, खुशी साहू, वर्षा नायक, अनुराग, रितिक, दुर्गेश साहू, श्रद्धा, आरती सहित अन्य स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राध्यापक श्वेता पंड्या, डॉ. शुभ्रा, डॉ. राम प्रसाद, चंद्रा मिश्रा, वंदना श्रीवास्तव, डॉ. पूजा यादव, डॉ. अंजना त्रिपाठी, विमल तिवारी, धनंजय टंडन, दीपेश जोशी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

जेएमपी कॉलेज में आवारा पशुओं पर व्याख्यान

तखतपुर। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर में आवारा पशुओं के रखरखाव एवं उसका समाज में प्रभाव विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पशु चिकित्सक डॉक्टर ए के चौरसिया एवं ए के मिश्रा रहे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में डॉक्टर चौरसिया ने बताया कि आवारा पशु जिसमें मुख्य मांसाहारी प्रजाति के हैं उनमें रेबीज के वायरस विद्यमान रहते हैं।

यदि वह काट ले तो 24 घंटे के अंदर तत्काल टीका लगवाएं जिसके लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर 24 घंटे के अंदर ;तीसरे दिन ; सातवें दिन, 14वें दिन और 28वें दिन अनिवार्य रूप से टिका लगाए ताकि रेबीज के संक्रमण से बचा जा सके। ए के मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि जिस व्यक्ति को कुत्ता काट लेता है तो उस स्थान को तत्काल किसी पानी के तेज बहाव के पास रख देना चाहिए ताकि उसके लार बह सके और उस स्थान को रगड़ना नहीं चाहिए और उसमें डेटाल डालकर तत्काल छोड़ देना चाहिए और तुरंत चिकित्सीय उपचार लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर डी पी चंद्रवंशी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक नवीन साहू, गीतेश जायसवाल, सागर निषाद, कृष्ण यादव, आदित्य साहू, आदित्य चक्रधारी, यश संदीप, संध्या सपना, नेहा भारती सहित 100 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं खेम सिंह राजपूत उम्र 45 पिता का नाम रामकुमार राजपूत जाति लोधी निवासी ग्राम व पोस्ट सिलदहा तहसील व थाना पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम तनु श्री राजपूत (TANU SHREE RAJPUT) (आधार क्रमांक 4295 1422 5405) नाम दर्ज है जो कि गलत नाम है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम 10वी, 12वी के अंकसूची के अनुसार तनुश्री राजपूत (TANUSHRI RAJPUT) नाम है। मेरे पुत्री के भविष्य में नाम तनुश्री राजपूत (TANUSHRI RAJPUT) के नाम से जाना पहचाना एवं संबोधन किया जावें। जिसके संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ।

अत: सूचना जानें

आवेदक
खेम सिंह राजपूत

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अंजनी बंजारे के द्वारा चोरभटठी के प.ह.नि. 49 रा.नि.म. पेंडारी तह. सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 133/59 रकबा 3003 वर्गफुट, जो कि राजस्व अभिलेखों में प्रियंका पटवा पति बालेन्द्र कुमार जाति पटवा निवासी गौतम विहार मंगला के नाम पर दर्ज है, को क्रय करने का सौदा किया गया है।

उक्त सौदे का निकट भविष्य में अंजनी बंजारे के नाम पर पंजीयन कराया जाना तय हुआ है। उक्त सौदे के संबंध में यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज़ के साथ में 7 दिवस के भीतर संपर्क करें। नियत समय सीमा के बाद की गई आपत्ति अमान्य व शून्य समझी जाएगी।

सो सूचना जाने
दिनांक:- 03/09/2026

भवदीय
अमित प्रकाश बंजारे
उस्लापुर बिलासपुर
मो. 7987165752

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 02/अ-23/2014-15
ग्राम सल्फा प.ह.नं. 11

//नोटिस//

प्रति,
ममता मिश्रा पति एम0के0मिश्रा. निवासी मकान न. 43, महाराणा प्रताप चौक रोहिणी विहार फेस-1 अज्ञेय नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ0ग0)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका शकुन्तला देवी पति स्व. नत्थूलाल निवासी चांटीडीह, रामायण चौक बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर जिला मुंगेली (छ.ग.) के रा.प्र.क्र. 202306250700036 /अ-23/2023-24 शकुन्तला देवी विरूद्ध शुभ्रा पराशर वगैरह में पारित आदेश दिनांक 03/03/2025 के अनुसार रा.प्र.क्र. 02/अ-23/2014-15 को पुन: सुनवाई में लिया जाकर परिपालन करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसकी सुनवाई तिथि 17/09/2026 को प्रात: 11 बजे नियत है। अत: आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 31/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राहुल राजपूत पिता/पति श्री हरी सिंह राजपूत निवासी अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर पर नाम से ग्राम हांफा प.ह.नं. 44 रा.नि.म.सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर में खसरा क्रमांक 75/3, 74/2 75/2 रकबा कुल 0.44 ए./ वर्गफुट पर भूमि स्थित है, जिसे मेरे पक्षकार (1) श्री/श्रीमती मिथलेश शर्मा (2) वर्षा कुमारी शर्मा पति (1) श्री कौशल किशोर शर्मा (2) श्री रमन शर्मा निवासी गंगानगर मंगला तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान करते हुए अनुबंध पत्र निष्पादित करवाये हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि फ्लैट पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी, तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी, तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि/मकान फ्लैट के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे।

अस्तु सूचना जानें।
दिनाँक : 04/09/26

राममनोहर दुबे
(अधिवक्ता/नोटरी)
स्टेट बैंक के सामने, नया सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9827173623
क्रेता 9926639781

न्यायालय तहसीलदार लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

// ईश्तहार//

रा.प्र.क्र. / बी-121/202
ग्राम सारधा प.ह.नं.30
तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा ग्राम सारधा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका नजरू सिंह पिता/ पति तुलसी राम जाति राजपूत निवासी ग्राम सारधा तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र/ पुत्री/ पत्नी अनिता सिंह पिता/पति नजरू सिंह हेतु केन्द्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु / शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने का आवेदन के साथ आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं ऋण पुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह दिनाँक 16/09/26 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 01/09/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसीलदार
लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

क्रमांक/ /वाचक-2/अ.वि.अ./2026
तखतपुर दिनांक 17/08/2026
रा.प्र.क्र. अ-6अ/2025-26
ग्राम-हॉफा तहसील सकरी

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मीनारायण कौशिक पिता द्वारिका प्रसाद कौशिक निवासी पोंड़ी तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम हॉफा प.ह.नं. 44 तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 793 शामिल 796/1, 796/2 रकबा 0.4250 हे. भूमि अनावेदकगण के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं यह कि उक्त भूमि आवेदक की पैतृक संपत्ति है जो आवेदक के नाम पर खसरा पांचसाला वर्ष 1993-94 से 1997-98 में आवेदक व अन्य के नाम पर दर्ज है। वर्तमान में अनावेदक के नाम पर त्रुटिपूर्ण दर्ज हो जाने से आवेदक अपने नाम पर अभिलेख दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह नियत दिनांक 07/09/2026 को साक्ष्य के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथी के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर सीलमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग.

न्यायालय श्रीमान् षष्ठम् अपर मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)

नोटिस

आसना बंजारे बनाम मैग्मा एच.डी.आई. जनरल इंश्योरेंस कं.लि. वगैरह

प्रकरण क्र. 1664/2024
पेशी तारीख-08/09/2026
प्रो.क्र. 242

बनाम:- तिलक कुमार निर्मलकर पिता जीधन कुमार निर्मलकर पता-वार्ड नं. 04, यादव मोहल्ला पतईडीह, थाना पचपेड़ी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) 495551

आपके विरूद्ध अपीलार्थी द्वारा इस न्यायालय में मोटर दुर्घटना दावा संस्थित किया गया है जिसमें आपको इस न्यायालय में दिनांक 08/09/2026 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समस किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या अपने अन्य किसी प्लीडर के माध्यम से उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके, और प्रतिरक्षा कर सके। यदि नियत तिथि को किसी प्रकार की आपत्ति/प्रतिरक्षा नहीं दिये जाने पर उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 01/08/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया है।

बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक : 01/08/2026

(श्रीमती मनीषा ठाकुर)
षष्ठम् मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी विलेख दिनांक 01.04.2024 के अनुसार मेसर्स SANWARE BUILDCON फर्म में 3 साझेदार के माध्यम से व्यापार एवं लेन देन किया जा रहा था।

संशोधित साझेदारी विलेख दिनांक 01.02.2026 के अनुसार इस फर्म में श्री कृष्णा नाथानी को उनकी इच्छा से अलग किया गया है, एवं श्री सुरेश कुमार भोजवानी को सम्मिलित किया गया है। वर्तमान में साझेदार साझेदार इस प्रकार से है:-

1. श्री अनिल कुमार भोजवानी
2. श्रीमति ज्योति भोजवानी
3. श्री सुरेश कुमार भोजवानी

सभी संबंधित लोगों के सूचनार्थ पेपर प्रकाशन किया गया है।

M/s SANWARE BUILDCON
अनिल कुमार भोजवानी
साझेदार अनिल कुमार भोजवानी
पता बिलासपुर (छ.ग.)

BHASKAR EYE CARE
हम रखते हैं आपकी आँखों का ख्याल
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) | 07714024989 | 9329124989
AdPRAYAS

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

आरबीआई की योजना रही सफल, एनआरआई ने भर दिया भारत का 'डॉलर खजाना'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) से डॉलर जुटाने की रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की खास पहल उम्मीद से कहीं ज्यादा सफल रही। 31 अगस्त 2026 तक फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट के जरिए भारत में 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा की रकम आ चुकी थी।

- डिपॉजिट के जरिए भारत में 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा की रकम आ चुकी

तेज इनफ्लो को देखते हुए आरबीआई ने इस स्कीम के लिए दी गई स्पेशल स्वैप फैसिलिटी की विंडो तय समय से करीब एक महीने पहले ही बंद कर दी। इस तेज डॉलर इनफ्लो से भारत का फॉरेक्स रिजर्व भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। 21 अगस्त तक देश का विदेशी मुद्रा भंडार 729.3 बिलियन डॉलर था। इससे कुछ ही हफ्ते पहले 24 जुलाई को यह करीब 682 बिलियन डॉलर था।

रिजर्व बैंक को समय से पहले बंद करनी पड़ी विंडो

क्या है एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट?

फॉरेन करेंसी नॉन-रेजिडेंट (बैंक) यानी एफसीएनआर (बी) अकाउंट एनआरआई के लिए एक फिक्स्ड टर्म डिपॉजिट होता है। इसमें एनआरआई अपनी विदेशी कमाई को भारत में विदेशी मुद्रा में जमा कर सकते हैं। उन्हें रकम को पहले भारतीय रुपए में बदलने की जरूरत नहीं होती। इस खाते की खासियत यह है कि मूलधन और उस पर मिलने वाला ब्याज दोनों विदेशी मुद्रा में ही वापस मिलते हैं। ऐसे में एनआरआई को रुपए में उतार-चढ़ाव का जोखिम नहीं उठाना पड़ता।

रुपए को मिला सहारा : इस डॉलर इनफ्लो का असर भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दिखाई दिया। 21 अगस्त तक भारत का फॉरेक्स रिजर्व बढ़कर रिकॉर्ड 729.3 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया था। 24 जुलाई को यह करीब 682 बिलियन डॉलर था। इतना बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार भारत के करंट अकाउंट डेफिसिट को फाइनेंस करने और बाहरी झटकों से निपटने में मदद कर सकता है। रुपए को भी इससे कुछ राहत मिली।

खास स्वैप फैसिलिटी का ऐलान किया गया : एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट में इनफ्लो पहले कमजोर हो गया था। वित्त वर्ष 2024-25 में इस माध्यम से 7 बिलियन डॉलर से ज्यादा की रकम आई थी, लेकिन वित्तीय वर्ष 2026 में यह घटकर सिर्फ 946 मिलियन डॉलर रह गई। इनफ्लो को फिर से बढ़ाने के लिए आरबीआई ने जून 2026 में एक खास स्वैप फैसिलिटी का ऐलान किया था। इसके तहत 3 से 5 साल की अवधि वाले नए एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट पर बैंकों को रियायती स्वैप की सुविधा दी गई।

रिजर्व बैंक की उम्मीद से कहीं ज्यादा आया पैसा : आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा को शुरुआत में करीब 80 बिलियन डॉलर के इनफ्लो की उम्मीद थी। लेकिन डिपॉजिट में पैसा आने की रफ्तार अनुमान से काफी ज्यादा रही। अगस्त की शुरुआत तक ही करीब 40.8 बिलियन डॉलर आ चुके थे। इसके बाद 31 अगस्त तक एफसीएनआर (बी) के जरिए आने वाली रकम 100 बिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गई। तेज इनफ्लो को देखते हुए आरबीआई ने 30 सितंबर 2026 की तय डेडलाइन का इंतजार नहीं किया और स्पेशल स्वैप फैसिलिटी की विंडो करीब एक महीने पहले ही बंद कर दी।

खाड़ी युद्ध संकट से बढ़ा डॉलर का दबाव

आरबीआई का यह कदम ऐसे समय में आया, जब मिडिल ईस्ट में जारी जंग और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने भारत के बाहरी खाते और रुपए पर दबाव बढ़ा रखा था। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल फरवरी में अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद भारत के फॉरेक्स रिजर्व में करीब 46 बिलियन डॉलर की कमी आई थी। इसी दौरान 24 जुलाई तक रिजर्व करीब 682 बिलियन डॉलर रह गया था, जबकि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया करीब 6 प्रतिशत कमजोर हो चुका था। ऐसे माहौल में आरबीआई ने एनआरआई से विदेशी मुद्रा जुटाने के लिए एफसीएनआर (बी) डिपॉजिट को बढ़ावा देने की रणनीति अपनाई।

फाडा स्टेट चेयरमैन की गर्ग को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

रायपुर। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन (फाडा) की 62वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। जिसमें स्वस्तिक सेल्स एंटरप्राइजेज (यामाहा) के संचालक विवेक गर्ग को फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के स्टेट चेयरमैन नियुक्त किया गया।

इस नियुक्त पर रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन की और से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। एसोसिएशन ने विश्वास व्यक्त किया कि गर्ग अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं सक्रिय कार्यशैली के माध्यम से प्रदेश के ऑटोमोबाइल डीलर्स के हितों को मजबूती से आगे बढ़ाते रहेंगे। विवेक गर्ग को ऑटोमोबाइल व्यवसाय का 26 वर्षों से अधिक का अनुभव है। गर्ग पूर्व में रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के अध्यक्ष के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उनके कार्यकाल में एसोसिएशन के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की गईं, जिनमें ऑटो एक्सपो 2023 का सफल आयोजन प्रमुख रहा। उन्होंने ऑटोमोबाइल व्यवसायियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रभावी ढंग से सरकार के समक्ष उठाया तथा उनके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए।

ऑटोमोबाइल व्यवसायियों के हितों के लिए सक्रिय भूमिका

फाडा के स्टेट चेयरमैन के रूप में अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान भी गर्ग ने प्रदेश के ऑटोमोबाइल व्यवसायियों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने व्यवसाय करने में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों को संबंधित स्तर पर रखने तथा सरकार द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों एवं नीतिगत प्रक्रियाओं से व्यवसायियों तक आवश्यक जानकारी एवं समन्वय पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राडा ने गर्ग के फाडा स्टेट चेयरमैन बनने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभव, दूरदर्शिता एवं नेतृत्व का लाभ पूरे प्रदेश के ऑटोमोबाइल डीलर्स को मिलेगा।

अशोका पाम मीडोज के प्रॉपर्टी फेस्ट को मिल रहा शानदार रिस्पॉन्स



रायपुर। डूंडा स्थित आरती ग्रुप के अशोका पाम मीडोज में आयोजित प्रॉपर्टी फेस्ट को ग्राहकों का शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। 90 एकड़ की टाउनशिप में 3-बीएचके रेडी-टू-मूव अपार्टमेंट्स के साथ विकसित प्लॉट्स भी खरीदारों को आकर्षित कर रहे हैं। बेहतर लोकेशन, कनेक्टिविटी और तैयार इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते साइट पर लगातार विजिटर्स पहुंच रहे हैं।

आरती ग्रुप के डायरेक्टर ऋभुराज अग्रवाल ने बताया कि यहां 1,800 से 5,000 वर्गफुट तक के सीमित प्लॉट उपलब्ध हैं। रोड, बिजली, पानी और सिक्योरिटी जैसी सुविधाएं पहले से मौजूद होने के कारण खरीदार अपनी जरूरत के अनुसार निर्माण शुरू कर सकते हैं। टाउनशिप में पहले से परिवारों की मौजूदगी भी इसकी खासियत है। डूंडा क्षेत्र में प्रस्तावित 150 एमएलडी क्षमता के फिल्टर प्लांट से भविष्य में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं मजबूत होने की उम्मीद है।

करीब 150 करोड़ रुपए की लागत वाली प्रस्तावित परियोजना के साथ फोरलेन सड़क, नवा रायपुर से कनेक्टिविटी, स्कूल-कॉलेज और अस्पताल क्षेत्र के विकास को गति दे रहे हैं। प्रॉपर्टी फेस्ट में 3-बीएचके रेडी-टू-मूव अपार्टमेंट पर 20 प्रतिशत भुगतान कर तत्काल चाबी लेने और अगले 18 महीने तक नो पेमेंट का ऑफर दिया जा रहा है। पहली 100 बुकिंग पर मेगा लकी ड्रॉ में ईवी कार और ईवी स्कूटर जीतने का मौका भी है। आयोजकों के अनुसार, विशेष ऑफर का लाभ उठाने का अब सीमित समय शेष है।

कच्चे तेल के दाम में तेजी से घरेलू शेयर बाजार में चौथे दिन गिरावट

मुंबई। कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 417 टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 41 अंक फिसल गया। सेंसेक्स 417.49 अंक टूटकर 76,152.86 अंक पर बंद हुआ।हालांकि, बाद में इसने अपनी बढ़त गंवा दी। निफ्टी भी 41 अंक फिसलकर 23,873.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाइटन, ट्रेंट, आईटीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, सन फार्मास्युटिकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी ओर, लाभ में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि. और टाटा स्टील शामिल हैं।

पीसी ज्वेलर ने एक और बैंक का कर्ज चुकाया

नई दिल्ली। आभूषण कंपनी पीसी ज्वेलर लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने एक और बैंक का बकाया कर्ज चुका दिया है। यह भुगतान 30 सितंबर, 2024 को हुए एकबारगी निपटान (ओटीएस) समझौते के तहत किया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसने 14 बैंकों वाले समूह में से अबतक नौ बैंकों का पूरा बकाया चुका दिया है। सभी भुगतान निर्धारित समयसीमा से पहले किए गए हैं। पीसी ज्वेलर ने पांच बैंकों के कुल बकाये में से भी 96 प्रतिशत से अधिक राशि का भुगतान कर दिया है। कंपनी ने कहा कि अब इन बैंकों का चार प्रतिशत से भी कम बकाया रह गया है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेतागण गोपाल अग्रवाल पिता कजोड़मल एवं आशीष जैन पिता दिलीप जैन, निवासी- समता कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त आधिपत्य व स्वामित्व की भूमि के संबंध में वाके मौजा - किरना, प.ह.नं. 00010, रा.नि.मं.-टंडवा, तहसील तिल्दा, जिला रायपुर छत्तीसगढ़ में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 10/1 (0.8700), 10/2 (0.6520), 10/3 (0.2310), 10/4 (0.6880), 11 (0.2310), 12 (0.1780), 129/1 (0.1170), 130/1 (0.1010), 130/11 (0.0910), 130/12 (0.0610), 130/13 (0.0810), 130/14 (0.0890), 130/15 (0.1380), 130/17 (0.1380), 130/18 (0.0200), 130/19 (0.1540), 130/2 (0.0850), 130/20 (0.1620), 130/21 (0.2230), 130/24 (0.0670), 130/25 (0.1380), 130/26 (0.0910), 130/3 (0.0970), 130/4 (0.1050), 130/5 (0.0450), 130/6 (0.0850), 130/7 (0.0890), 130/8 (0.1420), 130/9 (0.1620), 131/1 (0.2440), 131/2 (0.2820), 131/3 (0.2440), 131/4 (0.2060), 132/2 (0.4440), 132/3 (0.2550), 133 (0.6070), 134/6 (0.1410), 134/7 (0.7120), 134/8 (0.6640), 138/1 (0.0720), 138/3 (0.02020), 138/4 (0.1670), 138/5 (0.2510), 16/1 (0.4010), 16/2 (0.1700), 16/4 (0.2510), 25/21 (0.3030), 8/2 (0.2020), 8/3 (0.1700), एवं 8/5 (0.3400) 8/6 (0.324), 13 (0.085) कुल खसरा 52 कुल रकबा 12.0680 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा किये ब्याना राशि अदा कर दिया है शेष राशि का भुगतान बैनामा पंजीयन के समय किये जाने की बात हुई है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा।

सो सूचना जानें।

रायपुर, छत्तीसगढ़
दिनांकः 03-09-26

जसमीत सिंह पाहूजा (अधिवक्ता)
पता – ए-05, टीचर्स कॉलोनी, श्रीराम वाटिका, कोटा, रायपुर (छ.ग.) 492010
Mo. No. - 93292 63111

कार्यालय, नगर पंचायत पुसौर जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

क्रमांक / 754 / लो.क.शा./न.पं/2026-27 पुसौर दिनांक 03/09/2026

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र	सि.नि. क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र शुल्क (लाख में)	समय सीमा (वर्षा ऋतु को छोड़ कर)	Date of issue of Tender	Last Date of Online Submission for Technical & Financial Bid	Last Date for Sub-mission of physical bid	Bid Open Date
1	198832	तहसील कार्यालय से तीन तराई तालाब तक पाईप लाईन विस्तार कार्य। (तृतीय निविदा)	112.73	1.00	0.03	06 माह	03.09.2026 Time 6.00 PM	15.09.2026 Time 5.00 PM	15.09.2026 Time 5.30 PM	17.09.2026 Time 11.30 AM
2	198835	प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं उन्नयन कार्य। (चतुर्थ निविदा)	29.37	0.22	0.03	06 माह (3 महिने का ट्रायल रन)	03.09.2026 Time 5.30 PM	15.09.2026 Time 5.00 PM	15.09.2026 Time 5.30 PM	17.09.2026 Time 10.30 AM

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। निविदा नियम शर्तों का अवलोकन ध्यान पूर्वक भली भांति किया जावे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पुसौर

खबर संक्षेप

प्रसोल केमिकल्स का आईपीओ आठ सितंबर को खुलेगा

नई दिल्ली। विशेष रसायन बनाने वाली प्रसोल केमिकल्स लिमिटेड ने अपने 500 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 643-676 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ आठ सितंबर को खुलेगा और 10 सितंबर को बंद होगा।

आर्सिल ने आईपीओ का मूल्य दायरा किया तय

नई दिल्ली। एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड यानी आर्सिल ने अपने करीब 733 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 132-139 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि आईपीओ बोली के लिए नौ सितंबर को खुलेगा और 11 सितंबर को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक आठ सितंबर को बोली लगा सकेंगे।

ग्लास वॉल का आईपीओ आठ सितंबर को खुलेगा

GLASS WALL SYSTEM
Complete Solution For Facade Wo

नई दिल्ली। ग्लास वॉल सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड ने अपने 428 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 172-182 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने कहा कि आईपीओ बोली के लिए आठ सितंबर को खुलेगा और 10 सितंबर को बंद होगा। एंकर (बड़े) निवेशक सात सितंबर को शेयर के लिए बोली लगा सकेंगे। सार्वजनिक घोषणा के अनुसार, आईपीओ 60 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 2.02 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण होगा।

कार्यालय नगर पंचायत खरौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
Email id - cmonpkharod@rediffmail.com

क्र./1382 / न.प./ लो.नि.वि./2026-27 खरौद, दिनांक 02.09.2026

:: द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::

नगर पंचायत खरौद क्षेत्रांतर्गत अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम क्र. / दिनांक	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख)	अमानत राशि	कार्य पूर्ण अवधि	Bid Start Date & Time	Bid Due Date & Time	Bid Open Date & Time
1	2	3	4	5		6	7	8
1	198752 02/09/2026	वार्ड क्र. 15 लक्ष्मणेश्वर मंदिर के पास शेड निर्माण कार्य	99.76	74820	09 माह	02.09.2026 17:30 IST	21.09.2026 17:30 IST	23.09.2026 11:30 IST

निविदा की विस्तृत जानकारी छ.ग. शासन की E-Procurement पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

शब्द पहेली- 6336 का हल

सूडोकु नवताल - 6347
★☆☆☆☆ सरल

5		9		8	3	2		
	2		4					8
3	8		5	2	6	1		
	7						9	5
9		3	6		8	7		4
2	6						1	
		5	2	7	1		8	6
6					4		7	
		8	9	6		4		2

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6346 का हल

8	2	5	3	6	7	9	1	4
4	6	1	8	9	2	3	7	5
3	7	9	1	5	4	6	8	2
1	3	7	4	2	9	5	6	8
6	5	2	7	1	8	4	9	3
9	8	4	6	3	5	1	2	7
2	4	6	9	8	3	7	5	1
5	1	3	2	7	6	8	4	9
7	9	8	5	4	1	2	3	6

प्रथम पृष्ठ का शेष

आज कृष्ण जन्माष्टमी,...

नक्षत्र और वृष राशि में मध्यरात्रि के समय हुआ था। वर्ष 2026 में जन्माष्टमी पर यही दुर्लभ ज्योतिषीय संयोग दोबारा घटित हो रहा है, जिसे शास्त्रों में 'जयंती योग' कहा गया है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार, जन्माष्टमी के दिन जयंती योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, हर्षण योग, हंस योग, मालव्य योग, बुधादित्य राजयोग और नवपंचम राजयोग निर्मित हो रहा है।

इस बारिश छग की...

हैं। कुछ नई बनी सड़कों में पहली ही बारिश में दरारें भी पड़ गई हैं। इससे लोक निर्माण विभाग को करोड़ों रुपये के नुकसान का अनुमान है।

510 करोड़ की सड़क पहली बारिश में उखड़ी-
बिलासपुर जिले में रतनपुर से पेंड्रा तक करीब 97 किलोमीटर लंबी सड़क, जो राष्ट्रीय राजमार्ग-45 परियोजना का हिस्सा बताई जा रही है, पहली ही बारिश में सवालों के घेरे में आ गई है। करीब 510 करोड़ रुपये की लागत वाली परियोजना में कई जगह लंबी दरारें और सड़क धंसने की स्थिति सामने आई है। कुछ स्थानों पर डामर की परत भी बह उखड़ चुकी है।

धमतरी में निर्माणाधीन पुलिया और सड़क बही-
धमतरी के कोलियारी-खरेंगा मार्ग पर निर्माणाधीन पुलिया और सड़क का बड़ा हिस्सा तेज बहाव में बह गया। यह सड़क परियोजना करीब 84 करोड़ रुपये की बताई जा रही है। वहीं फरसगांव क्षेत्र में दो दिनों की मूसलाधार बारिश से छिंदली-बड़ेडोंगर मार्ग का करीब पांच मीटर हिस्सा बह गया है, जबकि सदाड़ी गांव की पुलिया ढहने से कई गांवों का संपर्क बाधित हुआ है।

विभाग ने मांगी रिपोर्ट, 30 नवंबर तक सुधार का लक्ष्य-
बारिश से हुए नुकसान के बाद लोक निर्माण विभाग ने सभी क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों और पुलियों की स्थिति की समीक्षा शुरू कर दी है। विभागीय स्तर पर निर्माणाधीन और क्षतिग्रस्त परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराने की तैयारी है। लोक निर्माण सचिव मुकेश बंसल ने 30 नवंबर तक क्षतिग्रस्त और अधूरे निर्माण कार्यों में सुधार सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया गया है। गुणवत्ता में लापरवाही मिलने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई तथा जरूरत पड़ने पर ठेकेदार के खर्च पर ही दोबारा निर्माण या दुरुस्तीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

10 हजार की रिश्वत...

में शिकायत सही पाई गई। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने गुरुवार 3 सितंबर को योजना बनाकर प्रार्थी को 10 हजार रुपए के साथ स्कूल भेजा।

आरती ने थमाई...

लेकर जाती हैं तो उनके साथ मौजूद तीन से छह वर्ष तक के बच्चे इन्हीं अक्षरों और अंकों को देखते-देखते ककहरा सीख रहे हैं। यह अनोखी पहल सेमरा प्राथमिक शाला की शिक्षिका आरती साहू ने शुरू की है।

आरती का मानना है कि मां बच्चे की पहली पाठशाला होती है। इसी सोच के साथ उन्होंने बच्चों तक सीधे पहुंचने के बजाय पहले उनकी माताओं को लक्ष्य बनाया, ताकि घर के वातावरण में ही बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित हो और स्कूल जाने से पहले उन्हें अक्षर व अंक ज्ञान मिल सके। छह वर्ष की उम्र में जब बच्चे स्कूल की दहलीज पर पहुंचें तो उन्हें वर्णमाला और गिनती की बुनियादी जानकारी हो।

इस पहल के लिए माताओं तक पहुंचना भी आरती के लिए आसान नहीं था। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों, महिला समूहों की बैठकों के साथ-साथ घरों और खेतों में जाकर माताओं से संपर्क किया। उन्हें शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में उनकी भूमिका समझाई। इसके बाद माताओं को ऐसी छतरियां दी गईं, जिन पर हिंदी वर्णमाला, गिनती और अंग्रेजी के अक्षर अंकित किए गए हैं।

खेतों में काम करते समय माताओं के साथ रहने वाले बच्चे जब इन छतरियों पर लिखे अक्षरों और अंकों को देखते हैं तो स्वाभाविक रूप से उनमें जिज्ञासा पैदा होती है। वे उन्हें पहचानने और पढ़ने का प्रयास करते हैं। इस तरह खेल-खेल में उनकी सीखने की शुरुआत हो जाती है। आरती की इस पहल से सेमरा गांव में शिक्षा को लेकर माताओं की जागरूकता बढ़ी है और बच्चों में भी पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित हुई है।

महिला समूहों की बैठकों में भी पहुंचीं-
एक जागरूक मां ही अपने बच्चे की शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसी सोच के साथ शिक्षिका आरती ने बच्चों की माताओं से संपर्क शुरू किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित महिला समूहों की बैठकों में भाग लिया। इसके अलावा घरों और खेतों में जाकर भी माताओं से संवाद किया और उन्हें बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के प्रति जागरूक किया। आरती साहू की इस पहल ने सेमरा गांव में शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाने का काम किया है। उनके इसी नवाचार और शिक्षा के प्रति समर्पण ने उन्हें राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान तक पहुंचाया है। अब वे राज्यपाल के हाथों सम्मानित होंगी। यह उपलब्धि केवल आरती साहू के लिए ही नहीं, बल्कि सेमरा गांव और पूरे शिक्षा समुदाय के लिए भी गर्व का विषय है।

माताओं को सरकारी...

की विभिन्न गतिविधियों के दौरान माताओं को शिक्षा से संबंधित शासन की योजनाओं, बच्चों की पढ़ाई और उनकी समस्याओं के समाधान की जानकारी दी जाती है। इसके अलावा बालिका शिक्षा का महत्व, शिक्षा का महत्व, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने, प्रारंभिक शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर भी उन्हें जागरूक किया जाता है। स्कूल के भौतिक विकास में सहयोग के लिए भी माताओं को समय-समय पर आमंत्रित किया जाता है। माताओं के बीच समन्वय और आपसी मेल-जोल बढ़ाने के लिए कुर्सी दौड़, विल्स, फुगड़ी सहित स्थानीय खेलों और अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है। इससे माताओं का स्कूल के प्रति जुड़ाव बढ़ा। वे नियमित रूप से स्कूल आकर अपनी भाषा में स्थानीय और शिक्षाप्रद कहानियां भी सुनाती हैं। इससे बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को जानने के साथ समुदाय से जुड़ने का अवसर मिलता है।

28 साल से बस्तर...

पालकों को समझाते हैं और बच्चों को फिर से स्कूल की राह दिखाते हैं। वहीं अनाथ और निर्धन विद्यार्थियों की पढ़ाई में आर्थिक बाधा न आए, इसके लिए अपनी ओर से फीस, किताब-कॉपी और अन्य शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराते हैं।

शिक्षक बुधराम कश्यप ने अपने जन्मदिन को भी व्यक्तिगत खुशी के बजाय जरूरतमंद बच्चों के नाम कर दिया है। इस सत्र में अपने जन्मदिन पर उन्होंने 11 हजार रुपए की पुस्तकें, कॉपियां और पेन विद्यार्थियों को दिए। उनके इन प्रयासों ने उन्हें बच्चों के लिए शिक्षक से बढ़कर अभिभावक की भूमिका में ला खड़ा किया है। कक्षा शिक्षण में लगातार नवाचार करने वाले बुधराम कश्यप ने संस्कृत विषय में विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत सफलता दिलाई है। शिक्षा के साथ साहित्य और डिजिटल माध्यम को भी उन्होंने बच्चों से जोड़ा है। चंदा कहानी, आईना कविता और आखिर में घमंड क्यों करता हूं कविता प्रकाशित कराने के साथ उन्होंने प्रसिद्ध शाला प्रवेशोत्सव गीत का हल्बी और धुरवी बोली में अनुवाद पुस्तक प्रकाशित किया।

प्रतियोगिता के दौर में बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ाने के लिए, जीके बुधराम शिक्षण, जीके बुधराम ज्ञान और बुधराम जीके स्टडी नाम से यूट्यूब चैनल भी शुरू किए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, बेहतर शिक्षण, शाला त्यागी बच्चों की स्कूल वापसी, निर्धन विद्यार्थियों की मदद और संस्कृत विषय में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम जैसे योगदानों के लिए बुधराम कश्यप को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

निर्धन बच्चों की फीस से लेकर शिक्षण सामग्री तक का जिम्मा-
जरूरतमंद विद्यार्थियों की फीस, किताब-कॉपी, पेन सहित आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने में वे व्यक्तिगत स्तर पर सहयोग करते हैं। उनके इस प्रयास से उन विद्यार्थियों को पढ़ाई जारी रखने में मदद मिलती है, जिनके परिवार आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं।

नवाचार से बेहतर शिक्षण, संस्कृत में शत-प्रतिशत सफलता-
बुधराम कश्यप अपने विषय संस्कृत के शिक्षण में भी लगातार नवाचार करते रहे हैं। उनका परीक्षा परिणाम लगातार बेहतर रहा है। वे कक्षा में विद्यार्थियों को गतिविधियों, रचनात्मक कार्यों और प्रतियोगिताओं के माध्यम से सीखने के अवसर देते हैं। उनका प्रयास रहता है कि विद्यार्थी पढ़ाई को बोझ न समझें, बल्कि उसे रुचि और आनंद के साथ सीखें।

शिक्षा के साथ...

लगातार शत प्रतिशत परिणाम देना, बच्चों की प्रतिभाओं को धार देना, नवाचार आदि को जाता है।

लगातार शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम-
उनकी शिक्षकीय उपलब्धियों में बोर्ड परीक्षाओं के लगातार उत्कृष्ट परिणाम प्रमुख हैं। अनेक वर्षों में विद्यालय ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया। अर्थशास्त्र विषय में भी लगातार शत-प्रतिशत परिणाम रहा। 2023 में विद्यालय की एक छात्रा ने 12वीं बोर्ड की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए उन्हें 2012 में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान तथा 2014 में जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान मिला। शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और एससीईआरटी सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया।

विज्ञान और स्काउटिंग में भी बनाई पहचान-
विज्ञान के क्षेत्र में 2025 में विद्यालय के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, जशपुर में तृतीय स्थान प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए।

विद्यालय विकास में भी पहल-
चन्द्रवंशी ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों के साथ उसके वातावरण को बेहतर बनाने पर भी ध्यान दिया। मां सरस्वती की प्रतिमा दान में प्राप्त कर विद्यालय में स्थापित कराने, अहाता निर्माण और सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था कराने की पहल की। कोरोना काल में 'पढ़ई तुंहर द्वार' अभियान में सक्रिय योगदान दिया। स्वच्छता, नशामुक्ति और पर्यावरण जागरूकता के क्षेत्र में भी उनकी सक्रियता रही है।

मंत्री के काफिले...

में शामिल एक व्यक्ति ने टोल कर्मचारी मनोज कुमार राजवाड़े से विवाद करते हुए मारपीट कर दी।

वायरल वीडियो में टोल कर्मचारी हाथ जोड़कर खड़ा दिखाई दे रहा है, जबकि एक व्यक्ति उसके साथ मारपीट करता नजर आ रहा है। मौके पर एक सुरक्षाकर्मी भी दिखाई दे रहा है।

पीड़ित टोल कर्मचारी मनोज कुमार राजवाड़े, निवासी लहपटरा ने बताया कि बैरियर पहली गाड़ी के निकलने के बाद स्वतः नीचे आया था। उन्होंने मौके पर मौजूद बॉडीगार्ड को पूरी स्थिति समझाई, जिसे उसने समझ लिया था। इसके बावजूद काफिले के ड्राइवर ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और मारपीट की। घटना के बाद मनोज ने ग्रामीणों के साथ लखनपुर थाने पहुंचकर शिकायत दी।

बिना आवेदन एक...

कोई कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता सुधा कौशल पति यशवंत सिंह लात्रे, आयु 36 वर्ष निवासी नरहरपुर, कांकेर ने छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया कि यस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक ने उनकी ओर से कोई ऋण आवेदन दिए बिना उनके नाम पर कुल 23 लाख 7 हजार रुपए के कई पर्सनल लोन स्वीकृत कर दिया है। आरोप है कि दोनों बैंकों के डायरेक्ट सेलिंग एजेंट के रूप में काम करने वाले निजी पक्षकारों की मदद से एक ही ओटीपी के जरिए कई ऋण स्वीकृत किए गए। याचिका में कहा गया कि ऋण राशि जारी होने के बाद निजी पक्षकारों ने याचिकाकर्ता को ऋण की करीब 50 प्रतिशत राशि अपने बैंक खातों में निवेश करने के लिए कहा। इसके बदले अधिक ब्याज अथवा रिटर्न देने का भरोसा दिलाया।

बैंक कार्रवाई के कारण...

उचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने साफ कहा है, शिकायत पर निर्णय होने तक बैंकिंग अधिकारी याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाएंगे।

हाईवे किनारे गाड़ी...

कहा कि राजमार्ग पर अतिक्रमण और वाहनों का खड़ा होना दो बड़ी समस्याएं हैं। एनएचएआई की ओर से पेश वकील ने कहा कि उन्होंने राजमार्गों पर अनधिकृत पार्किंग की जांच के लिए नियमित निरीक्षण और गश्ती के निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने कहा, आप कैमरा निगरानी प्रणाली लगाने के बारे में क्यों नहीं सोच सकते? आप सभी टोल प्लाजा निगरानी कक्ष स्थापित कर सकते हैं। इस मामले में न्यायमित्र के रूप में शीर्ष अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता एएनएस नाडकर्णी ने कहा कि एक बड़ी समस्या राजमार्गों पर गाड़ियों की अवैध पार्किंग है, जिससे सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। पीठ ने इस बात पर गौर किया कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, गृह मंत्रालय और तमिलनाडु सरकार ने अभी तक इस मामले में अपने अनुपालन हलफनामे दाखिल नहीं किए हैं। उसने दोनों मंत्रालयों को अपने हलफनामे दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को करना तय किया और तमिलनाडु सरकार को सुनवाई की अगली तारीख से पहले हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। पिछले साल नवंबर में, उच्चतम न्यायालय ने फलोदी में 2 नवंबर को हुई सड़क दुर्घटना का स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें एक टेम्पो ट्रैवलर एक खड़े ट्रेलर ट्रक से टकरा गया था। यह घटना भारत माला राजमार्ग पर मटोडा गांव के पास हुई थी, जब टेम्पो ट्रैवलर में सवार लोग बीकानेर के कोलायत मंदिर से जोधपुर जा रहे थे।

ब्लैकस्पॉट की पहचान और सूची बनाने का निर्देश-
इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और एनएचएआई को दुर्घटना वाले ब्लैकस्पॉट और संवेदनशील इलाकों की पहचान करने का निर्देश भी दिया था। कोर्ट ने नेशनल हाईवे पर मौजूद दुर्घटना वाले ब्लैकस्पॉट की विस्तृत लिस्ट जारी करने को कहा था, ताकि खतरनाक जगहों की पहचान कर वहां जरूरी सुरक्षा उपाय किए जा सकें।

छात्रों का आचरण...

न्यायाधीश के शामिल होने पर आपत्ति जताई थी। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हमारी राय है कि अधिवक्ता अधिनियम, 1961, जिसके तहत बीसीआई को कानूनी तौर पर बनाया गया है, बीसीआई या किसी भी राज्य बार काउंसिल को विधि के छात्रों के खिलाफ कोई भी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की कोई स्पष्ट या निहित शक्ति नहीं देता है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids
• दंत रोग
• मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटे तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप छूट जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- जयराम नगर मस्तूरी में विवान फ्यूल पेट्रोल पम्प पर काम करने के लिए लड़के, लड़कियों और अनुभवी व्यक्ति अतिशीघ्र आवश्यकता है तत्काल सम्पर्क करें- 9131063182 (41768)

आवश्यकता है- ट्रक्चीलर गाड़ियो की रिपेयरिंग हेतु अनुभवी कारीगर एवं ऑटोपार्ट्स की दुकान में कार्य हेतु लड़के चाहिए। सम्पर्क करें- जयभोले ऑटोपार्ट्स सृष्टि चिल्ड्रन हॉस्पिटल के सामने जरहभाठा मन्दिर चौक बिलासपुर 9981752583 (41769)

आवश्यकता है- थोक दवाई एजेन्सी में कार्य करने हेतु मैनेजर, एकाउंटेंट, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं ड्राइवर की आवश्यकता है इच्छुक सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 9937772764 (41771)

आवश्यकता है-बिलासपुर की एक प्रमुख रियल एस्टेट और कॉलोनाइजेशन कम्पनी को एक अनुभवी मैनेजर की आवश्यकता है। उम्मीदवार के पास उत्कृष्ट ग्राहक प्रबंधन (कस्टमर हैंडलिंग) एवं कुशल नेतृत्व क्षमता होनी चाहिए। रियल एस्टेट क्षेत्र में पूर्व अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। सम्पर्क करें- 74008 20093 (41754)

आवश्यकता है- होटल में कार्य हेतु ऑलराउंडर कुक किचन सुपरवाइजर, रिसेप्शनिस्ट, हाउस कीपिंग स्टॉफ सुपरवाइजर, बेल ब्वॉय/गर्ल्स चाहिए। सम्पर्क करें- होटल रॉयलगमा, पुराना बस स्टैण्ड टेलीफोन एक्सचेंज रोड बिलासपुर 9327334481, 9826807980 (41770)

REQUIRED
COMPUTER OPERATOR
Experienced Male Candidate (min 2 years).
• Efficient in SAP Working & MS Office (Excel & Word)
• Proficient in English (Mailing & Office Correspondence)
Contact with Resume & Photo:
8962835769
Address - Minakshi Sales, Opposite Old High Court, Bilaspur.

आवश्यकता है- घरेलू ऑटोमैटिक कार चलाने के लिए एक अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है। ऑटोमैटिक कार चलाना आता हो। वेतन योग्यता अनुसार। आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित सम्पर्क करें- 7869919759 (41764)

आवश्यकता है- (1) सिविल साइट सुपरवाइजर (अनुभवी साइट चलाने योग्य) (2) ऑफिस मैनेजर, साइड वर्क, रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण, नगर निगम संबंधी कार्य करने हेतु अनुभवी चाहिए सम्पर्क- 9770770000, 98270 72000 (41763)

आवश्यकता है- सीए आफिस में कामर्स ग्रेजुएट अनुभवी/ ट्रेनी (टैली/GST) एवं चपरासी (सुबह 9 से रात 9बजे, दसवीं पास, वेतन 6000) सम्पर्क- सीए दिनेश अग्रवाल, मेन रोड, विद्या नगर, बिलासपुर 7440969033, 9300501028 (41762)

आवश्यकता है- एस. एस. पब्लिक स्कूल बैमा में अंग्रेजी माध्यम से कक्षा 6वीं से 10वीं तक अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान पढ़ाने हेतु Teachers चाहिए वेतन योग्यता अनुसार इंग्लिश स्पीकिंग अनिवार्य सम्पर्क करें- 9340797701 (41759)

आवश्यकता है-रात (नाइट ड्यूटी) में काम करने के लिए वेटर की आवश्यकता है ग्रामीण को रहने की सुविधा। आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- किरण लॉज, गांधी चौक बिलासपुर (41746)

आवश्यकता है- होटल में वेटर (सप्लायर), किचन हेल्पर, कैप्टन, युवक, युवतियों की आवश्यकता है अनुभवी/ फ्रेशर दोनो को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9340229293, 79877 66988 (41766)

आवश्यकता है- टीवीएस इलेक्ट्रिकल श्रीबीलर शोरूम में कार्य करने हेतु सेल्स मैनेजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव स्मार्ट युवक, युवतियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मालवा टीवीएस ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा 8103515508 (41760)

आवश्यकता है- JIO कम्पनी में भर्ती Activity Boy/ Girl चाहिए स्मार्ट फोन, गाड़ी अनिवार्य वेतन 10000 से 15000 काम के अनुसार Jio से संबंधित Activity, Field Work करना। सम्पर्क करें- 9329915299, 6261913213 (41761)

आवश्यकता है- एक कम्प्यूटर एजुकेशन सेन्टर की मार्केटिंग के लिए 2 स्मार्ट लड़कों की आवश्यकता है। स्वयं की बाइक, मोबाइल अनिवार्य। MBA वालों को प्राथमिकता। बायोडाटा इस नम्बर पर भेजे 9244082366, 6265062829 (41752)

आवश्यकता है-अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कम्प्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यता अनुसार मेस सुविधा आवास फ्री सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 77460 00016 7747000016, 77470 00019 (815)

आवश्यकता है-फोर व्हीलर वर्कशॉप हेतु लड़के/ लड़कियां एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, प्यून चाहिए। वेतन योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें-श्रीबालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज इंदु चौक के पास मगरपारा रोड बिलासपुर (41738)

आवश्यकता है- पुस्तक दुकान में पैकिंग और डिस्पेच कार्य हेतु 12वीं पास 3 लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क अग्रवाल बुक डिपो बिहारी टाकीज के सामने पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर (छ.ग.) मो. 97110 88843 (41772)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने के लिए पढ़े लिखे लड़कों की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड के साथ सम्पर्क करें- 8927400000 (41747)

आवश्यकता है- जनरल दुकान में कम्प्यूटर आपरेटर की आवश्यकता है। जिसे बिजी साफ्टवेयर की पूरी जानकारी हो वही दुकान आकर मिलें लड़का/ लड़की पता- सुनील प्लास्टिक अजीत होटल के सामने तेलीपारा बिलासपुर (41740)

आवश्यकता है- पैरामेडिकल, नर्सिंग स्टाफ मेल और फीमेल एवं पीआरओ की आवश्यकता है। सम्पर्क- अंकुर ट्रामा केयर एण्ड नर्सिंग होम, सी-5 मिनोचा कॉलोनी उसलापुर रोड बिलासपुर 9827162325, 7400730011 (41751)

आवश्यकता है- दोसा दुकान में कार्य करने के लिए अनुभवी अथवा फ्रेशर लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- साउथ इंडियन दोसा 36 मॉल के सामने बिलासपुर 93005 18958 (41756)

आवश्यकता है-रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12घंटे एवं 24घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की आवश्यकता है। अनुभव कम से कम 5वर्ष शिक्षा न्यूनतम 10वीं पास वेतन 25000 प्रतिमाह, रहने की व्यवस्था है स्थान सिविल लाइन्स, रायपुर सम्पर्क करें- 9109972720, 9109125252 (888)

आवश्यकता है-पैथोलैब टेक्नीशियन की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- दोपहर 3 से शाम 7बजे निष्कर्ष पैथोलॉजी क्लीनिक प्रथम तल, डॉ. अग्रवाल एक्स-रे एवं सोनोग्राफी क्लीनिक, जूनी लाइन, बिलासपुर 7869 911027 (41749)

आवश्यकता है-UTN शॉप में सर्वे कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है सैलरी 10000 से 15000 सम्पर्क करें- शॉप नम्बर FS16 प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 79995 94790, 7806007192 (41748)

आवश्यकता है-सोलर पैनल की मार्केटिंग एवं सेल्स हेतु सेल्समैन एवं एजेन्ट की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- रितेश ट्रेडर्स सोलर सीएलसी प्लाजा रतन लक्ष्मी के ऊपर मंगला चौक बिलासपुर 94382 83438 (41742)

[redacted]

आवश्यकता है-रूम सर्विस हेतु अनुभवी वेटर्स एवं सिक्युरिटी गार्ड की आवश्यकता है निवास, भोजन की व्यवस्था सम्पर्क करें- सुबह 10बजे से 12बजे तक होटल शिवनेरी लिंक रोड बिलासपुर (41743)

आवश्यकता है- 100% परमानेंट जॉब भारत में सबसे अधिक स्थायी रोजगार देने वाली Righteous Limited को आफिस कार्य एवं विभिन्न पदों हेतु 8/10/12वीं स्नातक लड़के/लड़कियों का चयनकर 11000, 13000, 17000, 25000/- आवास बोनस मिलें- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के पास चौपाटी चोपड़ापारा अम्बिकापुर 9669370111, 9584000909, 84358 03535, 7067084579 (20651)

बेचना है

बेचना है- बिलासपुर सकरी थाना के सामने मेन रोड से 30मी. दूर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट टुकड़ों में उपलब्ध। सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित प्लॉट 75.5×54= 4077 वर्गफुट। सम्पर्क करें- 7898855268 (41750)

बेचना है- अलका एवेन्यू कॉलोनी उसलापुर रेलवे स्टेशन के पास बिलासपुर में 34X55 =1870 पूर्व मुखी प्राइम लोकेशन में 2 प्लाट अतिशीघ्र बेचना है संपर्क करें 8839864986, 9319825198 (41773)

किराया

किराया- किराये से देना है गोंड़पारा रोड सदर बाजार में स्टेट बैंक एटीएम के बाजू में 8×20 फिट की दुकान किराये से देना है सम्पर्क करें- 88002 97892 (41758)

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेने व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 इन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी मर्दानगी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
श्यामानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
रिद्धीसिद्धी एडवरटाईजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
जे.जे. एडवरटाईजर्स:- मो. 9300659628
रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
भार्गव एडवरटाईजर्स:- मो. 9827167997
श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाईजर्स:- मो. 9826705603
एम.जी.आर. एडवरटाईजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
माधवन & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
बालाजी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवरटाइजमेंट:- मो. 8109229025

यूएस ओपन टेनिस

सबालेंका और जेसिका आसान जीत के साथ तीसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

पिछली दो बार की चैंपियन एरिना सबालेंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आसान जीत के साथ बारिश से प्रभावित यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई।

शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने बुधवार रात को पोलिना इयात्सेन्को को केवल 53 मिनट में 6-1, 6-1 से हरा दिया। वह पिछले कुछ टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी लेकिन यहां उन्होंने पावर-हिटिंग का ऐसा नमूना पेश किया कि लगता है कि वह अपनी असली फॉर्म में आ गई हैं। तीसरे दौर में जगह बनाने वाली खिलाड़ियों में जेसिका पेगुला भी शामिल थी, जिन्होंने सोफिया केनिन को 6-3, 6-1 से हराने में केवल 56 मिनट का समय लिया।

पुरुष वर्ग के ऐसे रहे परिणाम

पुरुष वर्ग में आठवें वरीय बेन शेल्टन ने ह्यूबर्ट हुरकाज को 6-3, 5-7, 7-6 (3), 7-5 से, जबकि सातवें वरीय दानिल मेदवेदेव ने सेबेस्टियन गोरजनी को 6-3, 6-3, 7-5 से हराया। बारिश के कारण कई मैच स्थगित कर दिए गए थे और आलम यह था कि पहले दौर के कुछ मैच भी बुधवार को खेले गए। इनमें ऑस्ट्रेलिया के छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर का मैच भी था जिन्होंने इटली के एंड्रिया गुरिएरी को 6-2, 6-2, 6-4 से हराया।

अल्काराज़ तीसरे दौर में

मौजूदा चैंपियन और अप्रैल के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट में खेल रहे कार्लोस अल्काराज़ ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई। अल्काराज ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद लगातार आठ गेम जीते और बुधवार रात को जैमे फारिया को 4-6, 6-0, 6-3, 6-2 से हराया।

चार सेट खेलने से फिटनेस का पता चला : अल्काराज

इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मैं इस मैच को जल्दी समाप्त करना चाहता था लेकिन मैच के चार सेट तक खिंचना मेरे लिए अच्छा रहा क्योंकि इससे मुझे अपनी फिटनेस का पता चल गया।'' दूसरे वरीयता प्राप्त अल्काराज़ ने पहले सेट के बीच में अपनी सर्विस गंवा दी, लेकिन इसके बाद उन्होंने जल्द ही लय हासिल कर दी। उन्होंने कहा, ''इसके बाद मैंने केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश की। मैंने शांत रहने की कोशिश की और मैं सोच रहा था कि सब कुछ अच्छा होगा। अल्काराज ने पिछले साल फाइनल में यानिक सिनर के खिलाफ मुकाबले तक एक भी सेट नहीं हारा था। उन्होंने तब सिनर को चार सेटों में हराकर यूएस ओपन में अपना दूसरा खिताब जीता था।

भारत-वेस्टइंडीज वनडे सीरीज 27 से

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में विराट बना सकते हैं कई अहम रिकॉर्ड्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज को 1-0 से जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलेगी। इसके बाद भारतीय टीम 27 सितंबर से वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ वनडे सीरीज की मेजबानी करेगी। अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप 2027 की तैयारियों के लिहाज से वनडे सीरीज अहम रहेगी, जिसमें विराट कोहली अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। इस बीच उन रिकॉर्ड्स के बारे में जानते हैं, जिन्हें कोहली आगामी सीरीज के दौरान बना सकते हैं।

15,000 वनडे रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी

कोहली वर्तमान में वनडे क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 314 मैचों में 58.59 की अविश्वसनीय औसत से 14,941 रन बनाए हैं। वह सचिन तेंदुलकर के बाद 15,000 वनडे रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बनने वाले हैं। बता दें कि तेंदुलकर ने 18,426 रनों के साथ 50 ओवर के प्रारूप को अलविदा कह दिया था। वहीं, श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगाकारा 14,234 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

घर पर 7,000 वनडे रन वाले पहले भारतीय

कोहली एक और रिकॉर्ड अपने नाम करने के करीब हैं। पूर्व दिग्गज तेंदुलकर ने घरेलू मैदान पर खेले गए 164 वनडे मैचों में 48.11 की औसत से 6,976 रन बनाए थे। इस मामले में कोहली ही एकमात्र ऐसे दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 6,000 से ज्यादा रन बनाए हैं। कोहली ने घरेलू मैदान पर खेले गए 130 वनडे मैचों में 62.42 की औसत से 6,867 रन बनाए हैं। आगामी सीरीज में कोहली घर पर 7,000 रनों का आंकड़ा छू सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 अर्धशतक

रिपोर्ट के अनुसार, कोहली के नाम अभी सभी प्रारूप को मिलाकर 233 स्कोर, 50 से ज्यादा रन के हैं, जिसमें 148 अर्धशतक शामिल हैं। कोहली ने टेस्ट में 31, वनडे में 79 और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 38 अर्धशतक लगाए हैं। अभी तक सिर्फ 2 बल्लेबाजों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 से ज्यादा अर्धशतक बनाए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तेंदुलकर ने 164 और संगकारा ने 153 अर्धशतक लगाए हैं। अब कोहली इस सूची में शामिल हो सकते हैं।

ये मुकाम हासिल कर सकते हैं कोहली

कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 43 वनडे मैचों में 66.50 की औसत के साथ 2,261 रन बनाए हैं, जिसमें 9 शतक शामिल हैं। कोहली वनडे में 2 अलग-अलग टीमों के खिलाफ 10-10 शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बन सकते हैं। श्रीलंका के खिलाफ उनके नाम पहले से ही 10 शतक हैं और वेस्टइंडीज के खिलाफ भी यह आंकड़ा छूने से वह बस एक शतक दूर हैं। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 8 वनडे शतक लगाए हैं।

फिट हो रहे पांड्या को फिर लगी चोट, वापसी का इंतजार और बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की योजनाओं को बड़ा झटका लगा है। रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सेलेंस पुनर्वास के अंतिम चरण में उनके पैर में एक नई चोट लग गई है।

इस नए मेडिकल अपडेट के बाद आगामी 13 सितंबर से अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाली 3 मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में उनके खेलने की उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

फिटनेस हासिल करने से चूके पांड्या

पांड्या अपनी पुरानी चोटों से अच्छी रिकवरी कर रहे थे, लेकिन वह अभी तक पूरी तरह से गेंदबाजी करने के लिए फिट घोषित नहीं किए गए। बीसीसीआई सूत्रों ने कहा, वह जल्द ही दोबारा अभ्यास शुरू करेंगे, लेकिन अफगानिस्तान सीरीज इतनी नजदीक (13 सितंबर) है कि तब तक वह मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाएंगे। इस पैर की नई चोट ने उन्हें गेंदबाजी के अभ्यास से लंबे ब्रेक के लिए मजबूर कर दिया है।

जूनियर एशिया कप में रिकॉर्ड छठा खिताब जीतने उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| मोकी (चीन)

भारत की अंडर-21 पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले एएचएफ जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में रिकॉर्ड छठा खिताब जीतने की कोशिश करेगी, जबकि महिला टीम लगातार तीसरी ट्रॉफी जीतने के लिए मैदान पर उतरेगी।

महिला टीम पिछले दो बार की चैंपियन है। इस बार उसकी अगुवाई मिडफील्डर खैदेम शिलेमा चानू कर रही हैं। डिफेंडर अनमोल एक्का टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि नव नियुक्त कोच फ्रेडरिक सोयेज अपने कार्यकाल की शुरुआत जीत से करना चाहेंगे।

भारत के अभियान की शुरूआत 5 से

एलीट पूल में शामिल भारत पांच सितंबर को दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। इसके बाद वह छह सितंबर को मलेशिया, आठ सितंबर को जापान और नौ सितंबर को मेजबान चीन का सामना करेगा।

खबर संक्षेप

लेह में इंडोर निशानेबाजी रेंज का उद्घाटन, लद्दाख में खेल को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली। लद्दाख में निशानेबाजी को बढ़ावा देने, खेल तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराने और केंद्र शासित प्रदेश में प्रतिभाओं की पहचान करने के उद्देश्य से लेह में सालभर संचालित होने वाली इंडोर निशानेबाजी रेंज का उद्घाटन किया गया। 'इंसुलेटेड' (सर्दियों में गर्म रखना) सुविधा से युक्त इस रेंज में एयर राइफल और एयर पिस्टल निशानेबाजी की व्यवस्था है। इसे लद्दाख निशानेबाजी संघ ने लद्दाख पुलिस के सहयोग से पुलिस के नवनिर्मित खेल परिसर में स्थापित किया है। यह रेंज विद्यार्थियों, आम लोगों और पुलिसकर्मियों के लिए खुली रहेगी।

एशियाई खेलों में वीवीएस लक्ष्मण होंगे भारतीय क्रिकेट टीम के कोच

नई दिल्ली। आगामी 19 सितंबर से जापान में एशियाई खेलों का आयोजन होना है, जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम भी हिस्सा लेगी। श्रेयस

अय्यर की कप्तानी में पुरुष टीम और हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में महिला टीम स्वर्ण पदक के लिए दावेदारी पेश करेंगी। स्पोर्टस्टार के मुताबिक, इन खेलों में वीवीएस लक्ष्मण भारतीय पुरुष टीम के साथ कोच के तौर पर रहने वाले हैं। दरअसल, सितंबर-अक्टूबर में भारतीय पुरुष टीम का बेहद व्यस्त कार्यक्रम रहने वाला है। भारत को 13-17 सितंबर के बीच अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलनी है। इसके बाद 27 सितंबर से 17 अक्टूबर के बीच वनडे और टी-20 में वेस्टइंडीज की मेजबानी करनी है।

श्रीलंका टीम की कमान संभालेंगे मेंडिस

वनडे और टी-20 टीम घोषित : रत्नायके व मदुशन को नहीं मिली जगह

कोलंबो। श्रीलंका क्रिकेट टीम को 15 सितंबर से इंग्लैंड दौरे पर टी-20 सीरीज और इसके बाद 22 सितंबर से वनडे सीरीज खेलनी है। इन दोनों सीरीज के लिए श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने अपनी टीमें घोषित की हैं। वनडे मैच इंग्लैंड दौरे पर कुसल मेंडिस वनडे और टी-20 दोनों टीमों की कप्तानी करेंगे। पूर्व कप्तान दासुन शनाका की वनडे सीरीज में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज मिलन रत्नायके और प्रमोद मदुशन अपनी जगह नहीं बना सके हैं। शनाका ने 2024 में आखिरी बार खेला था।

लेग स्पिनर कोलंबगे पहली बार शामिल : कामिंदु मेंडिस को दोनों टीमों में बरकरार रखा गया है, जबकि दासुन शनाका जनवरी 2024 के बाद पहली बार वनडे टीम में वापसी कर रहे हैं। शनाका के चयन के साथ वनडे विश्व कप 2027 से पहले श्रीलंका के मध्य क्रम को मजबूती मिलेगी। वहीं चयनकर्ताओं ने लेग स्पिनर सचिंदु कोलंबगे को भी पहली बार शामिल किया है।

इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में नहीं खेलेंगे धोनी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी ने स्पष्ट कर दिया है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में नहीं खेलना चाहते हैं, जिससे 2027 में होने वाले टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी को लेकर बनी अनिश्चितता में एक और नया मोड़ आ गया है। सीएसके के पूर्व बल्लेबाज सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने यह खुलासा किया। यह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज इम्पैक्ट प्लेयर नियम से अपना कार्यभार कम करके आईपीएल में अपना करियर आगे बढ़ा सकते थे लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि अगर वह खेलना जारी रखते हैं तो वह पूर्णकालिक विकेटकीपर बने रहना चाहते हैं। वहीं बद्रीनाथ का मानना है कि 45 वर्षीय धोनी के लिए उनके करियर के इस चरण में इम्पैक्ट प्लेयर की भूमिका उपयुक्त हो सकती है, क्योंकि उनकी बढ़ती उम्र को देखते हुए 20 ओवर तक विकेटकीपिंग करना आसान नहीं होगा।

एशियाई खेल में नीरज की जगह लेंगे यशवीर

एजेंसी ▶▶| लुधियाना

राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले भाला फेंक के एथलीट यशवीर सिंह को जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए चोटिल नीरज चोपड़ा की जगह बृहस्पतिवार को 77 सदस्यीय भारतीय एथलेटिक्स टीम में शामिल किया गया जबकि लंबी दूरी के धावक अभिषेक पाल को कथित डोपिंग उल्लघंन के लिए नाडा से नोटिस जारी किए जाने के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने लुधियाना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए 77 सदस्यीय ट्रैक एवं फील्ड टीम की घोषणा की। खेल मंत्रालय ने इस महीने की शुरुआत में 73 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की घोषणा की थी जिसमें शिरसे और अभिषेक भी शामिल थे।

छह नए खिलाड़ियों को किया गया शामिल

मंत्रालय ने बुधवार को छह नए खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया। इन खिलाड़ियों में 200 मीटर की धाविका हरिता भद्रा, 400 मीटर दौड़ में भाग लेने वाली किरण पहल, पोल वॉल्टर सिंधुश्री जी, त्रिकूद की एथलीट आशा इलंगो, चक्का फेंक की खिलाड़ी सान्या यादव और हैमर थ्रोअर प्रवीण कुमार शामिल हैं।

अट्टापट्टू ने हैट्रिक के साथ बनाए कई रिकॉर्ड्स

कोलंबो। श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान चमारी अट्टापट्टू ने एशिया कप 2026 में इंडोनेशिया के खिलाफ हैट्रिक लेने का कारनामा किया। उन्होंने मैच में कुल 7 विकेट लिए और श्रीलंका ने इस मैच में 75 रन से जीत दर्ज की। वह महिलाओं के टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 5वें सबसे बेहतर प्रदर्शन करनी वाली गेंदबाज बनी। इस मैच के दौरान अट्टापट्टू ने कुछ अहम रिकॉर्ड्स बनाए।

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय
सरायपाली, जिला-महासमुंद (छत्तीसगढ़) 493558

F.NO./PMSS/JNV/SPL/2026-27/833 DATE- 03/09/2026

वॉक-इन-इंटरव्यू सूचना

सत्र 2026-27 हेतु आवश्यकता अनुसार संविदा (Contractual) के आधार पर निम्न पदों के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा **पी.जी.टी. भौतिकी, टी.जी.टी.** अंग्रेजी साक्षात्कार की तिथि : **08/09/2026 (मंगलवार) समय प्रातः 09:00 बजे से**
स्थान : पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने मूल प्रमाण-पत्रों, एक सेट स्वप्रमाणित छायाप्रतियों, पासपोर्ट आकार के फोटो तथा बायोडाटा के साथ सीधे साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। पूर्व में आवेदन भेजने की आवश्यकता नहीं है।

अभ्यर्थियों का चयन योग्यता, अनुभव एवं साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। यह नियुक्ति पूर्णतः संविदा एवं आवश्यकता आधारित होगी तथा इससे नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें:
मो. 8770795734

प्राचार्य
पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय
सरायपाली, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय,
सरायपाली, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

संदर्भ क्रं. JNVS/2026/841 दिनांक : 03.09.2026

:: लघु-निविदा अधिसूचना ::

सत्र 2026-27 के दौरान पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सरायपाली जिला-महासमुन्द (छ.ग.) हेतु सब्जी एवं फल आपूर्ति के लिए अधिकृत पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

लघु-निविदा प्रपत्र/दस्तावेज रु.500/- प्रति सेट के हिसाब से प्राचार्य पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सरायपाली जिला-महासमुन्द (छ.ग.) के कार्यालय से 04/09/2026 से 09/09/2026 अपरान्ह 1.30 बजे तक कार्यालयीन दिवस में खरीदा जा सकता है। इसके अलावा, इस विद्यालय की अधिकारिक वेबसाईट www.navodaya.gov.in/nvs/nvs- school/MAHASAMUND/en/home/index.html. से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

पूर्ण रूप से सीलबंद निविदाएं मय अर्नेस्ट मनी का डिमांड ड्राफ्ट (प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली के पक्ष में) प्राचार्य के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 09.09.2026 अपरान्ह 04:00 बजे तक है। सीलबंद निविदाएं भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजा जा सकता है। निर्धारित तिथि/समय के बाद प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

निविदाएं **दिनांक 10.09.2026 को प्रातः 11.00 बजे** क्रय सलाहकार समिति द्वारा प्राचार्य के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी।

प्राचार्य
पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय,
सरायपाली जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

इंडियनऑयल
IndianOil
CIN-L23201MH1959GOI011388

सर्वो स्टॉकिस्ट के लिए पैनल के लिए रुचि की अभिव्यक्ति

भारतीय सलुब्रिकेंट्स व्यवसाय में अग्रणी के साथ जुड़ने का एक रोमांचक अवसर।

इंडियनऑयल नवीनतम फॉर्च्यून 'ग्लोबल 500' लिस्टिंग में सबसे ऊंची रैंक वाली भारतीय कंपनियों में से एक है। इंडियनऑयल का SERVO® भारत में स्नेहक और ग्रीस के बीच ब्रांड लीडर है और इसे सुपरब्रांड्स काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा "उपभोक्ता सुपरब्रांड" का दर्जा प्रदान किया गया है।

इंडियन ऑयल व्यावसायिक भागीदारों के रूप में गतिशील और ऊर्जावान उम्मीदवारों को सूचीबद्ध करके संस्थागत/पुनर्विक्रेता खंड (बी2बी और बी2सी) में SERVO® लुब्रिकेंट्स के वितरण चैनल को मजबूत करने की प्रक्रिया में है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने सर्वो स्टॉकिस्ट-इंस्टीट्यूशनल/पुनर्विक्रेता के रूप में काम करने के लिए अखिल भारतीय आधार पर संभावित पार्टियों को सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव किया है।

एनआईटी नंबर	आवेदन अवधि
एनआईटी नंबर – HO/Lubes/2026-27/1 सर्वो स्टॉकिस्ट के लिए एम्पैनलमेंट हेतु ईओआई	आवेदन दस्तावेज डाउनलोड 04.09.2026 (11:00 बजे से) से शुरू होता है। भौतिक आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि: 05.10.2026 (16:00 बजे तक)
संपर्क व्यक्ति	
श्री सागर कोंडागुली मुख्य प्रबंधक (एलआरएस), एचओ मुंबई	svkondaguli@indianoil.in, मोबाइल नंबर 9449596950

इच्छुक आवेदक https://spandan.indianoil.co.in/BPSP/HomePage.jsp (शुरुआती राज्य चुनें : महाराष्ट्र) से आवेदन पत्र और दिशानिर्देश डाउनलोड कर सकते हैं। एनआईटी/आवेदन पत्र में उल्लिखित सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ भरा हुआ आवेदन पत्र एनआईटी में उल्लिखित पते पर अंतिम तिथि और समय पर या उससे पहले जमा किया जाना चाहिए। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, भी उसी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई–निविदा सूचना

क्रम सं (1): ई- निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी -152-26-27, दिनांकः 25.08.2026
कार्यः 30-06-2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र में बिलासपुर रेलवे सेटलमेंट में सड़कों की मरम्मत और रखरखाव के संबंध में सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन।
निविदा मूल्य (रु): 1,50,72,163.24, अमानत राशि (रु): 3,01,500.00, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।

क्रम सं (2): ई- निविदा संख्याः डीआरएम इंजी.-बीएसपी-टी -163-26-27, दिनांक 25.08.2026
कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता /सेटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बिलासपुर रेलवे सेटलमेंट में सड़कों का सुधार का कार्य।
निविदा मूल्य (रु): 3,27,94,666.31, अमानत राशि (रु): 6,55,900.00, कार्य पूर्णता की अवधिः 09 माह।

क्रम सं (3): ई- निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी -164-26-27 दिनांकः 25.08.2026
कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता /सेटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सामान्य प्रकाश व्यवस्था को बढ़ाने हेतु बीसीएन परीक्षण यार्ड में पोर्टल पर लगे लाइट्स, अंडर गियर परीक्षण लाइट्स तथा वेल्डिंग सुविधाएँ प्रदान की सुविधाएं उपलब्ध कराकर सामान्य रोशनी को बढ़ाने का कार्य।
निविदा मूल्य (रु): 16,00,327.78, अमानत राशि (रु): 32,000.00, कार्य पूर्णता की अवधिः 04 माह।

क्रम सं (4): ई- निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी -168-26-27 दिनांकः 25.08.2026
कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/चाम्पा के अंतर्गत, रेलवे के विनिर्देश अनुसार सरगबुंदिया (एस.आर.बी.ए.) डिपो में रेलवे भूमि के बाहर से 50 मिमी गेज का 1,00,000 घन मीटर मशीन द्वारा तोड़े गए ट्रैक बैलास्ट की आपूर्ति, सुपुर्दगी तथा ढेर लगाना एवं रेलवे वैगन में लदान करना।
निविदा मूल्य (रु): 12,55,00,000/-, अमानत राशि (रु): 25,10,000/-, कार्य पूर्णता की अवधिः मानसून अवधि को छोड़कर 18 (अठारह) महीने। **निविदा जमा की आरंभ तिथीः- दिनांकः 08/09/2026.**
निविदा जमा की अंतिम तिथीः- दिनांकः 22/09/2026 के 11.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी **https://www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/374 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



न्यायालय ईंट-पत्थर की संरचना नहीं, नागरिकों की आस्था और विश्वास का द्वार : चीफ जस्टिस

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा को उनके कार्यकाल की समाप्ति के अवसर पर सम्मान एवं स्नेहपूर्वक विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने हाईकोर्ट में अपनी यात्रा को स्मरण किया और सभी जस्टिस, रजिस्ट्री के अधिकारी-कर्मचारी, राज्य शासन तथा न्याय वितरण प्रणाली से जुड़े सभी हितधारकों के सहयोग, स्नेह और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट उनके लिए केवल कार्य करने का स्थान नहीं रहा, बल्कि इससे कहीं अधिक रहा है। वे संस्था से गहरी कृतज्ञता और संतोष के साथ विदा हो रहे हैं तथा अपने साथ अनगिनत स्मृतियां और अनुभव लेकर जा रहे हैं।

चीफ जस्टिस ने कहा कि न्याय प्रशासन की जिम्मेदारी केवल प्रकरणों के निराकरण तक सीमित नहीं है। संस्था को सुदृढ़ करना, अधोसंरचना का विकास, गरिमापूर्ण कार्य वातावरण तैयार करना और न्यायपालिका से जुड़े प्रत्येक हितधारक में संस्था के प्रति अपनत्व की भावना विकसित करना भी इसकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि न्यायालय केवल ईंट, पत्थर और कंक्रीट से निर्मित संरचना नहीं है, बल्कि वह स्थान है जहां नागरिक अपनी आशाओं, शिकायतों और विधि के शासन में विश्वास के साथ न्याय का द्वार खटखटाते हैं। इसलिए न्यायिक अधोसंरचना ऐसी होनी चाहिए, जो संस्था की गरिमा को प्रतिबिंबित करे और प्रभावी न्याय प्रशासन के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराए।

सेवानिवृत्ति पर रमेश सिन्हा को दी गई स्नेहपूर्ण विदाई, कहा- संस्थाएं मूल्यों की मजबूती से जीवित रहती हैं

वैध अधिकार कृपा या रियायत नहीं

चीफ जस्टिस ने न्यायाधीशों, अधिकारियों और कर्मचारियों के कल्याण तथा उनके वैध अधिकारों और देयताओं पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोई वैध अधिकार किसी कृपा, रियायत या विशेषाधिकार का विषय नहीं है, बल्कि ऐसा अधिकार है, जिसे संस्था द्वारा अनावश्यक विलंब या कठिनाई के बिना प्रदान किया जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि हाईकोर्ट से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति यह महसूस करे कि यह उसकी अपनी संस्था है, जो उसके कार्य का सम्मान करती है, योगदान को पहचानती है और उसके साथ निष्पक्ष व्यवहार करती है। उन्होंने न्याय प्रशासन में अधिवक्ता संघ की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया। कहा कि बेंच और बार एक ही न्याय वितरण प्रणाली के अभिन्न अंग हैं। सशक्त, स्वतंत्र और गरिमापूर्ण बार, सशक्त न्यायपालिका के लिए आवश्यक है। उन्होंने हाईकोर्ट के सभी जस्टिस, रजिस्ट्री के अधिकारियों-कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, राज्य शासन, विभिन्न विभागों, संबंधित एजेंसियों और जिला प्रशासन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

निष्पक्षता और विश्वास संस्था की नींव

चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि संस्थाएं केवल अपनी भौतिक नींव की मजबूती से नहीं, बल्कि अपने मूल्यों की मजबूती से जीवित रहती हैं। निष्पक्षता, विश्वास, प्रतिबद्धता और न्याय के प्रति निष्ठा वे आधारभूत मूल्य हैं, जिन पर महान संस्था का निर्माण और उसका सतत विकास होता है। उन्होंने न्यायाधीशों, अधिकारियों और कर्मचारियों से संस्था के प्रति विश्वास बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि वे केवल किसी संगठन में कार्य नहीं कर रहे, बल्कि संवैधानिक लोकतंत्र के प्रमुख स्तंभों में से एक संस्था की सेवा कर रहे हैं। पद अस्थायी होता है, लेकिन संस्थाओं को स्थायी रूप से मजबूत बने रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका कार्यकाल तभी सार्थक माना जाएगा, जब वे अपने पीछे ऐसी संस्था छोड़कर जाएं, जो उन्हें जितनी सशक्त मिली थी, उससे थोड़ी अधिक सशक्त हो। उन्होंने न्यायालय भवन, अधोसंरचना, आवासीय सुविधाओं और बार के लिए विकसित सुविधाओं को संस्था के भविष्य के लिए उपयोगी बताया।

कार्यकाल में 50,228 मामलों का निराकरण

समारोह में महाधिवक्ता ने चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के न्यायिक जीवन और कार्यक्षमता का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि चीफ जस्टिस ने 29 मार्च 2023 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस के रूप में पदभार ग्रहण किया था। 29 मार्च 2023 से 1 सितंबर 2026 तक हाईकोर्ट में कुल 50,228 मामलों का निराकरण किया गया। इनमें एकल पीठ के 32,600 और खंडपीठ के 17,628 मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 369 से अधिक रिपोर्टेड एएफआर निर्णय भी दिए गए।महाधिवक्ता ने यह भी उल्लेख किया कि चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा द्वारा पदभार ग्रहण करने से पहले लगभग 1,34,200 निर्णय प्रदान किए जा चुके थे। इसे उनकी असाधारण कार्यक्षमता, विधिक विद्वत्ता और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक बताया गया।

योगदान को किया याद

समारोह में जस्टिस संजय के. अग्रवाल ने चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के विशिष्ट न्यायिक जीवन और अनुकरणीय नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने न्यायिक संस्था तथा न्याय-प्रदाय प्रणाली के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि यह अवसर केवल औपचारिक विदाई का नहीं, बल्कि एक प्रतिष्ठित विधिवेत्ता के योगदान के सम्मान का अवसर है। वक्ताओं ने कहा कि उनके आचरण, प्रतिबद्धता और नेतृत्व ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की गरिमा को मजबूत करने के साथ न्याय व्यवस्था के प्रति आमजन के विश्वास को भी सुदृढ़ किया।

अटेंडेंस ऐप का विरोध पड़ा भारी, वायरल वीडियो वाली शिक्षिका सस्पेंड

जांजगीर-चांपा। नवागढ़ ब्लॉक के तुलसी हाई स्कूल की व्याख्याता का अटेंडेंस ऐप के विरोध में बनाया गया वीडियो वायरल करना महंगा पड़ गया है। शासन ने वायरल वीडियो वाली शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

दरअसल 31 अगस्त को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें तुलसी हाई स्कूल में पदस्थ व्याख्याता श्रीमती निर्मला कोमल लहरे ने स्कूलों में लागू किए गए नए वीएसके अटेंडेंस ऐप का छत्तीसगढ़ी में खुलकर विरोध किया था। वीडियो में उन्होंने कहा था कि ऐप के माध्यम से शिक्षकों को परेशान किया जा रहा है, जबकि यह नियम सभी विभागों पर लागू होना चाहिए। उन्होंने सड़कों पर मवेशियों के घूमने को लेकर भी सवाल उठाए थे और सरकार को चेतावनी तक दे दी थी।

मामला संज्ञान में आने पर जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर-चांपा ने 2 सितंबर को संचालक लोक शिक्षण को प्रतिवेदन भेजा था। डीईओ द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इस पर लोक शिक्षण संचालनालय, इंद्रावती भवन नवा रायपुर द्वारा आज 3 सितंबर को आदेश क्रमांक 1040 जारी कर व्याख्याता एलबी श्रीमती निर्मला कोमल लहरे को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत निलंबित कर दिया गया है।

आदेश में कहा गया है कि शिक्षिका द्वारा मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं कलेक्टर के संबंध में अशोभनीय टिप्पणियां कर वीडियो प्रसारित करना पदीय दायित्वों के विरुद्ध है और इससे शासन एवं विभाग की छवि धूमिल हुई है। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 एवं 10 के तहत कदाचार की श्रेणी में आता है।

निलंबन अवधि में शिक्षिका को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा और उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जांजगीर-चांपा नियत किया गया है।

Ajay Advt.

Ajay 9827144371

कम डाउन पेमेंट | ₹5 999/-^
Hero GoodLife चांदी का सिक्का जीतने का मौका*
pine labs कैशबैक ₹5000/- तक#
टोल फ्री 1800 266 0018

India's First 5 Year Warranty *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 15th Sep. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas variant applicable in Chhattisgarh.*Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुंगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुरः पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौलीः इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः ख़ुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगरः जयसवाल ऑटो, 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़ः पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कस्ः उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com